दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्षः 17 | अंक 87 | सीकर, रविवार 24 मई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## नाबालिग से कुकर्म के आरोपी शिक्षक को 20 वर्ष का कठोर कारावास

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** झुंझुनू के पॉक्सो न्यायालय के न्यायाधीश इसरार खोखर द्वारा दिये एक निर्णय में एक पीड़ित नाबालिग बालक के साथ कुकर्म करने के आरोपी शिक्षक मुकेश कुमार मीणा पुत्र नत्थूसिंह मीणा निवासी वार्ड नम्बर सात सिंघाना पुलिस थाना सिंघाना जिला झुंझुनू को 20 वर्ष कठोर कारावास व एक लाख रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा नही करने पर आरोपी को 6 माह का अतिरिक्त कारावास और भुगतना होगा। मामले के अनुसार पीड़ित बालक की माता ने 26 मार्च 2025 को पुलिस थाना खेतड़ी पर मय पीड़ित बालक के उपस्थित होकर रिपोर्ट दी कि 5 सितम्बर 2023 को पीड़ित जब स्कूल जा रहा था तो आरोपी मुकेश कुमार ने उसे रास्ते में रोककर व बहला फुसलकार गाड़ी में ले गया और एक धर्मशाला में ले जाकर उसके साथ अनैतिक कृत्य किया तथा इस बारे में किसी को बताने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद 27 जनवरी 2025 को पीड़ित जब घर का सामान लेने बाजार गया तो आरोपी ने उसे डरा–धमका कर उसे अपनी गाड़ी में बैठाकर ले गया और उसके साथ कुकर्म किया। जब बालक डरा.सहमा रहने लगा तो उसकी माता ने बालक से पुछा तो पीड़ित ने इस घटना के बारे में अपनी माता को बताया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद अनुसंधान कर आरोपी मुकेश कुमार मीणा के विरूद्ध सम्बन्धित न्यायालय में चालान पेश कर दिया। इस्तगासा पक्ष की और से पैरवी कर रहे विशिष्ठ लोक अभियोजक सुरेन्द्र सिंह भाम्बू द्वारा न्यायालय में 14 गवाहन के बयान करवाये तथा 48 दस्तावेज प्रदर्शित करवाते हुये न्यायालय में तर्क दिया कि मामला अत्यन्त गंभीर किस्म का है, इसलिये आरोपी को सख्त से सख्त सजा दी जाये। विद्वान न्यायाधीश ने पत्रावली पर आई साक्ष्य का बारिकी से विशखेषण करते हुये आरोपी मुकेश को उक्त सजा व जुर्माना से दण्डादिष्ट किया।

# मंत्री-अफसरों की विदेश यात्राओं पर रोक
## अधिकारियों-कर्मचारियों को कार पुलिंग के निर्देश

जयपुर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पेट्रोल–डीजल बचाने सहित सात तरह की अपील के बाद राज्य सरकार ने सर्कुलर जारी किया है। मंत्रियों, अफसरों और कर्मचारियों की सरकारी खर्च पर विदेश यात्रा पर रोक लगा दी है। वित्त विभाग ने फ्यूल बचाने के साथ सरकारी विभागों में खर्च घटाने के लिए गाइड लाइन भी जारी की है। सभी विभागों को इसका कठोरता से पालन करने का आदेश दिया गया हैं। वित्त विभाग के सर्कुलर के अनुसार–अब सरकारी विभागों और सरकारी संस्थाओं में नए खरीदे जाने वाले वाहन ईवी ही होंगे। मौजूदा पेट्रोल–डीजल के वाहनों को फैजमेनर में ईवी में बदला जाएगा। पहले फेज में शहरों में कामकाज वाले अफसरों के लिए नए वाहन ईवी ही खरीदे जाएंगे। सरकार में ठेके पर लिए जाने वाले वाहनों में भी धीरे–धीरे ईवी की अनिवार्यता लागू की जाएगी।



### वित्त विभाग से जारी सर्कुलर

**1- अफसर-कर्मचारियों को कार पुलिंग के आदेश**

एक ही दिशा में रहने वाले अफसर और कर्मचारियों को दफ्तर आने–जाने के लिए कार पुलिंग के आदेश दिए गए हैं। सरकारी और प्राइवेट दोनों वाहनों में कार पुलिंग को प्राथमिकता देने के निर्देश जारी किए गए हैं।

**2- बैठकें और कार्यक्रम सरकारी भवनों में ही होंगे**

होटलों में सरकारी विभागों, स्वायत्तशासी संस्थाओं, पीएसयू की बैठकों और कार्यक्रमों पर रोक रहेगी। बैठकों से लेकर सभी तरह के आयोजन सरकारी भवनों में ही होंगे।

**3 ईवी चार्जिंग स्टेशन लगाने के लंबित प्रस्तावों पर जल्द मंजूरी मिलेगी**

सीएम और मंत्रियों ने काफिलों में वाहन घटा दिए हैं। अब काफिले वाले सभी पदाधिकारियों को वाहनों की संख्या कम करनी होगी। काफिलों में गैर जरूरी वाहन नहीं रहेंगे। प्रदेश में ई–व्हीकल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एक्शन प्लान बनेगा। अभी चार्जिंग स्टेशन लगाने के लंबित प्रस्तावों को तत्काल मंजूरी दी जाएगी।

**4 वीसी के जरिए होंगी मीटिंग**

सरकार में जहां तक संभव हो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही मीटिंग करने को कहा है, फिजिकल बैठकें कम से कम करने पर जोर देने के निर्देश हैं। सरकारी कामकाज में ई–ऑफिस, ई–फाइल का उपयोग सुनिश्चित करना होगा। चिट्ठी और फाइल भेजने की जगह राज–काज पोर्टल के उपयोग को प्राथमिकता देने के आदेश दिए गए हैं।

**5 अफसर, कर्मचारियों को अब ऑनलाइन ट्रेनिंग**

सरकारी ट्रेनिंग कार्यक्रमों में कर्मचारियों,अफसरों को एक जगह जुटाने की जगह ऑनलाइन ट्रेनिंग देनी होगी।

**6 घरों में सोलर एनर्जी कनेक्शनों**

घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली में अब पी .एम . सूर्यघर योजना के तहत घरेलू सोलर एनर्जी प्लांट लगाने पर जोर देना होगा। गैर कृषि कार्यों में यूरिया के उपयोग कम से कम करने और फर्टिलाइजर का उपयोग तर्कसंगत बनाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया जाएग।

## 19वें रोजगार मेले में 51000 युवाओं को जॉब लेटर मिले
### पीएम बोले- अब आप देश की विकास यात्रा में शामिल; 12.50 लाख से ज्यादा को मिल चुकी नौकरी



नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 51 हजार से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी के लिए अपॉइंटमेंट लेटर दिए। इसमें चुने गए युवाओं को रेलवे, गृह मंत्रालय, स्वास्थ्य विभाग, वित्तीय सेवा और उच्च शिक्षा समेत कई सरकारी विभागों में नौकरी मिली। देश के 47 शहरों में हुए 19वें रोजगार मेले में पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। उन्होंने युवाओं से बातचीत भी करेंगे। इससे पहले देशभर में 18 रोजगार मेले हो चुके हैं, जिनमें करीब 12 लाख युवाओं को अपॉइंटमेंट लेटर दिए जा चुके हैं।

### रोजगार मेले में पीएम के बयान की बड़ी बातें ...

- पीएम मोदी बोले– 5 देशों की इस यात्रा के दौरान मैंने कई देशों की बड़ी कंपनियों के नेताओं के साथ बातचीत की। हमारी विस्तृत चर्चाएं और बैठकें हुईं। हर जगह, मैंने लगातार एक बात महसूस की, दुनिया भारत के युवाओं और भारत की तकनीकी प्रगति को लेकर बेहद उत्साहित है।
- प्रधानमंत्री ने कहा– नीदरलैंड्स से सेमीकंडक्टर, जल प्रबंधन, कृषि पर चर्चा हुई। स्वीडन के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल नवाचार में सहयोग पर चर्चा हुई। नॉर्वे के साथ ग्रीन टेक्नोलॉजी और समुद्री सहयोग पर चर्चा आगे बढ़ी, और साझेदारी को लेकर समझौते हुए।
- ग्रीन ट्रांजिशन और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी में स्वीडन, नॉर्वे और इटली जैसे देशों के साथ सहयोग भी बढ़ रहा है। यूएई और नॉर्वे के साथ साझेदारियां भारत के जहाज निर्माण इकोसिस्टम को मज़बूत करेंगी।
- मोदी बोले– हमें यह याद रखना चाहिए कि ये वे क्षेत्र हैं जिनमें आने वाले निवेश और साझेदारियां अगले चार दशकों तक वैश्विक विकास को आकार देंगे। इसमें भारत के युवा बहुत बड़ी भूमिका निभाएंगे।

## अमरनाथ से बाबा बर्फानी की पहली तस्वीर आई
### पवित्र गुफा में 6-7 फीट का शिवलिंग बना, यात्रा 3 जुलाई से; सुरक्षा में तैनात जवानों ने दर्शन किए



श्रीनगर।

अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पहले शनिवार को बाबा बर्फानी की पहली तस्वीरें सामने आ गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि 6 से 7 फीट का शिवलिंग अपना आकार ले चुका है। इस दौरान सुरक्षा के लिए तैनात जवानों ने सबसे पहले शिवलिंग के दर्शन भी किए। अमरनाथ यात्रा इस साल 3 जुलाई 2026 से शुरू होकर 9 अगस्त 2026 तक चलेगी।

**रास्ते में अब भी 12 फीट तक बर्फ जमी**

इन दिनों रास्ते में सामान्य जगहों पर 6 से 8 फीट और हिमस्खलन वाले इलाकों में 10 से 12 फीट तक बर्फ जमी है। बालटाल मार्ग पर 9 किमी और नुनवान–पहलगाम मार्ग पर 8 किमी ट्रैक से बर्फ हटाई जा चुकी है। ट्रैक को 12 फीट चौड़ा करने, सतह सुधारने, रिटेनिंग वॉल और कल्वर्ट बनाने का काम भी चल रहा है। इस बार बेस कैंप में टेंट की जगह प्री–फैब्रिकेटेड और फाइबर स्ट्रक्चर बनाए जा रहे हैं। इससे श्रद्धालुओं को आरामदायक और आधुनिक आवास जैसी सुविधा मिल सकेगी। फाइबर स्ट्रक्चर तापमान में अचानक गिरावट और बारिश से निपटने में कारगर रहेंगे। हर इमारत में 48 कमरे हैं। हर कमरे में अटैच्ड वॉशरूम हैं। गर्म–ठंडे पानी की सुविधाएं होंगी। हर इमारत में पैंट्री भी बनाई जा रही है। इन जगहों पर तीन साल पहले काम शुरू हुआ था, जो अब पूरा होने वाला है।

## निःशुल्क आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** धनूरी गांव में एन आर डी डी हॉस्पिटल मलसीसर रोड झुंझुनू द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन भारत सरकार व आयुष विभाग राजस्थान के होम्योपैथिक एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ धनूरी ग्राम सरपंच उस्मान द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर रामस्वरूप खालिया कर्मचारी जलदाय विभाग, युसुफमौलाना, सादिक खान थानेदार, अली हसन, सूबेदार शकील खान एवं सालेह मोहम्मद सूबेदार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। शिविर में आयुर्वेद में 126 तथा होम्योपैथी में 124 कुल 250 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक दवाओं का वितरण किया गया। मरीजों के रक्तचाप, मधुमेह, हीमोग्लोबिन सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी जांचें भी निःशुल्क की गई। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन तक आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सा का लाभ पहुंचाना तथा मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक करना था। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है जिसमें रोग के मूल कारण को समझकर उपचार किया जाता है। होम्योपैथिक दवाओं के दुष्प्रभाव बहुत कम होते हैं। इसमें कम खर्च में प्रभावी उपचार उपलब्ध होता है एवं आयुर्वेद भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है जिसका उद्देश्य शरीर, मन और आत्मा के संतुलन को बनाए रखना है। यह प्राकृतिक जड़ी–बूटियों, योग एवं स्वस्थ जीवनशैली पर आधारित है।

## संगठन सृजन अभियान को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्षों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** संगठन सृजन अभियान के तहत चुने गए राजस्थान कांग्रेस के 50 और दिल्ली कांग्रेस के 15 जिला अध्यक्षों का संयुक्त 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शनिवार को अजमेर जिले के पुष्कर स्थित एक निजी रिसॉर्ट में शुरू हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर 1 जून तक चलेगा। इस शिविर में जिला अध्यक्षों को पार्टी की रीति–नीति, संगठनात्मक संस्कृति, कांग्रेस का इतिहास, देश के नव निर्माण में योगदान तथा संगठन संचालन के गुर सिखा, जाएंगे। साथ ही आगामी निकाय और पंचायत चुनावों में प्रभावी भूमिका निभाने के लिए रणनीतिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जानकारी के अनसुार शनिवार दोपहर करीब 12 बजे सभी जिला अध्यक्ष पुष्कर पहुंचे, जहां 2 बजे रिपोर्टिंग प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद पहला सत्र दोपहर 3 बजे शुरू हुआ। पहले दिन के सत्र को सुखजिंदर सिंह रंधावा, गोविंद सिंह डोटासरा और टीकाराम जूली ने संबोधित किया। तीनों नेताओं ने अपने राजनीतिक अनुभव साझा करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया और कांग्रेस के गठन से लेकर वर्तमान तक के इतिहास पर प्रकाश डाला। इस शिविर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रशिक्षण विभाग प्रमुख सचिन राव ने टेली प्रोजेक्टर के माध्यम से महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, सरदार पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद और सरोजिनी नायडू जैसे महान नेताओं के भाषणों की वीडियो प्रस्तुत की। वहीं शिविर में अब अगले दिनों सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक विभिन्न सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें संगठन प्रबंधन, समसामयिक राजनीतिक मुद्दे, जनसंपर्क, चुनावी रणनीति और विचारधारा पर विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे। इसके अलावा शिविर के अंतिम दिन 1 जून को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पहुंचने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। दोनों नेता जिलाध्यक्षों को संगठन की रीति–नीति, अनुशासन और विचारधारा पर मार्गदर्शन देंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डोटासरा ने बताया कि यह पहली बार है जब जलाध्यक्षों के लिए 10 दिवसीय विस्तृत प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। इससे पहले केवल 2–3 दिन के प्रशिक्षण शिविर होते थे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के बाद जिलाध्यक्षों को ब्लॉक, मंडल और जिला स्तर पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने की जिम्मेदारी दी जाएगी, जिससे संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा सके। पीसीसी उपाध्यक्ष नसीम अख्तर ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान एक दिन सभी जिलाध्यक्ष आसपास के गांवों में जाकर ग्रामीणों से संवाद करेंगे और रात्रि विश्राम भी वहीं करेंगे। इसके अलावा मनरेगा कार्यों का निरीक्षण, सफाई अभियान में श्रमदान तथा आत्मनिर्भरता का संदेश देने के लिए जिलाध्यक्ष स्वयं अपने कार्य करेंगे–जैसे भोजन की प्लेट खुद धोना और सत्र कक्ष में जमीन पर बैठकर प्रशिक्षण लेना। इस शिविर का उद्देश्य संगठन को वैचारिक, वैचारिक और जमीनी स्तर पर मजबूत करना तथा आगामी चुनावों में प्रभावी रणनीति तैयार करना बताया जा रहा है।

# न्याय सिर्फ कागजों में नहीं, जमीन पर दिखा झुंझुनू आयोग का सख्त फैसला
## एलआईसी की लापरवाही पर 85 हजार की शास्ति, पीड़िता को 1.5 लाख क्षतिपूर्ति
### 395 ग्रामीणों से प्रीमियम वसूला, मास्टर पॉलिसी में नाम ही नहीं जोड़े

संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग झुंझुनू ने सहकार जीवन सुरक्षा बीमा योजना में गंभीर लापरवाही उजागर होने पर भारतीय जीवन बीमा निगम को कड़ी फटकार लगाते हुए अहम फैसला सुनाया है। आयोग ने राष्ट्रीय लोक अदालत की भावना की अवहेलना मानते हुए 85 हजार रुपए की शास्ति लगाने के साथ ही पीड़िता को डेढ़ लाख रुपए की विशेष क्षतिपूर्ति देने के निर्देश दिए हैं। आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील एवं सदस्य प्रमेन्द्र कुमार सैनी ने सजना देवी बनाम एलआईसी एवं अन्य प्रकरण में निर्णय देते हुए कहा कि बीमा प्रीमियम लेने के बावजूद चुड़ैला ग्राम सेवा सहकारी समिति के सदस्यों के नाम मास्टर पॉलिसी में शामिल नहीं करना गंभीर लापरवाही और अनुचित व्यापार व्यवहार है। प्रकरण के अनुसार चुड़ैला ग्राम सेवा सहकारी समिति के 395 सदस्यों से सहकार जीवन सुरक्षा योजना के तहत बीमा प्रीमियम वसूला गया था। केंद्रीय सहकारी बैंक के माध्यम से 5 लाख 54 हजार 275 रुपए की राशि एलआईसी को भेजी गई और मास्टर पॉलिसी भी जारी कर दी गई लेकिन उसमें बीमित सदस्यों के नाम शामिल ही नहीं किए गए। मामला तब सामने आया जब परिवादिया सजना देवी के पति श्योराम की 17 फरवरी 2013 को मृत्यु हो गई। श्योराम ने समिति के माध्यम से ऋण लेते समय बीमा प्रीमियम जमा कराया था। मृत्यु के बाद जब बीमा क्लेम प्रस्तुत किया गया तो संबंधित पक्ष वर्षों तक एक–दूसरे पर जिम्मेदारी डालते रहे और पीड़िता को करीब 9 वर्षों तक न्याय के लिए भटकना पड़ा। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि ग्रामीण एवं सहकारी क्षेत्र के उपभोक्ताओं से योजनाओं के नाम पर समय पर प्रीमियम वसूला जाता है लेकिन क्लेम के समय उन्हें अनावश्यक परेशानियों और लंबी प्रक्रिया का सामना करना पड़ता है। बीमा कंपनियों का दायित्व केवल मुनाफा कमाना नहीं बल्कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना भी है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि उपभोक्ता संरक्षण कानून का उद्देश्य त्वरित न्याय प्रदान करना है लेकिन इस मामले में वर्षों तक न्याय नहीं मिलना इसकी मूल भावना के विपरीत है। मामले को अत्यंत गंभीर मानते हुए आयोग ने राष्ट्रीय लोक अदालत की पवित्र भावना की पालना नहीं करने पर 85 हजार रुपए की शास्ति लगाई। साथ ही 9 वर्ष 4 माह तक मानसिक संताप झेलने पर पीड़िता को डेढ़ लाख रुपए की विशेष क्षतिपूर्ति देना न्यायोचित ठहराया। आयोग ने निर्णय की प्रति राज्य सरकार के मुख्य सचिव को भेजते हुए सहकारी समितियों से जुड़ी योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश जारी करने की जरूरत बताई है। अध्यक्ष मनोज कुमार मील ने जिला अभिभाषक संस्था के अधिवक्ताओं से अपील की कि वे उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय दिलाने में सहयोग करें और वर्ष में कम से कम एक प्रकरण में निःशुल्क पैरवी करें।

## कोबरी-सार



# कथा में सुदामा चरित्र सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** श्री भाटिया बिरादरी प्रबंध समिति के तत्वावधान में श्री भाटिया बिरादरी प्रबंध समिति द्वारा आदर्श नगर स्थित भाटिया भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह का शनिवार को पूर्णाहुति एवं पोथी विदाई के साथ समापन हुआ। समापन अवसर पर राज लीलाए सुदामा चरित्र और उद्धव गीता प्रसंगों का श्रवण कर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। कथा का वाचन आचार्य सुरेश जी शास्त्री ने किया। कथा वाचन के दौरान आचार्य सुरेश शास्त्री ने कहा कि सुदामा का जीवन त्याग, भक्ति और निःस्वार्थ मित्रता का प्रतीक है। भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता ने यह संदेश दिया कि प्रभु भाव के भूखे हैं, धन के नहीं। उन्होंने कहा कि सुदामा के पास भौतिक धन नहीं था, लेकिन प्रभु नाम का अमूल्य धन उनके पास था। उनकी पत्नी सुशीला द्वारा भेजे गए चार मुट्ठी चावलों को श्रीकृष्ण ने भावपूर्वक स्वीकार कर सुदामा को अपार वैभव प्रदान किया। उपाध्यक्ष नितिन भाटिया ने बताया कि 108 श्रद्धालु परिवारों ने अपने पितरों की आत्मशांति एवं पुण्य स्मृति में श्रीमद् भागवत महापुराण का मूल पाठ करवाया। कथा स्थल पर पूर्वजों के चित्रों को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ सजाया गया। देश-विदेश से श्रद्धालु इस आयोजन में जुड़े, जिनमें कनाडा, लंदन और नैरोबी से ऑनलाइन सहभागिता भी रही। कोषाध्यक्ष योगराज भाटिया ने बताया कि गोकुल, मथुरा, वृंदावन एवं जयपुर से आए 108 विद्वान पंडितों के सान्निध्य में प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक भागवत महापुराण का मूल पाठ श्रद्धा और भक्ति भाव से संपन्न हुआ। महिलाओं द्वारा प्रातः 4 बजे से कथा स्थल की सफाई, व्यास पीठ का पुष्पों से श्रृंगार और प्रसाद पैकिंग जैसे सेवा कार्य किए गए। इस कार्यक्रम में 108 ब्राह्मणों को स्वयं कार्यकर्ताओं द्वारा भोजन परोसा गया। देसी घी से निर्मित प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। पं. जवाहर लाल हर्ष, पं. शशि भूषण हर्ष, तुलसी संगतानी, सूरज भान भाटिया और विकास भाटिया सहित अनेक श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लिया। इस आयोजन समिति अध्यक्ष अजय गांधी ने बताया कि रविवार को प्रातः 8 बजे हवन एवं दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन ने भक्तिए सेवा और संस्कारों का अनुपम संगम प्रस्तुत किया। जिसमें श्रद्धालुओं ने गहरी आस्था और भावनात्मक सहभागिता दर्ज कराई।

## निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण शिविर आज

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ द्वारा रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्व लालचंद टमकू देवी पाटनी की स्मृति में उनके पुत्रों भामाशाह प्रकाशचंद बिमलकुमार पाटनी व समस्त पाटनी परिवार के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जायेगा। शिविर प्रभारी ललित सोनी ने बताया कि द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार सुजानगढ़ में आयोजित होने वाले शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा नेत्र रोगियों की निःशुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया जाएगा तथा ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा। चयनित नेत्र रोगियों के निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ में निःशुल्क करवाए जाएंगे।

## धरना 21 वें दिन भी रहा जारी

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय नगरपरिषद कार्यालय के बाहर चल रहा धरना अजय ढेनवाल के नेतृत्व में शनिवार को लगातार 21 वें दिन भी जारी रहा। गांधी चौक स्थित नेहरू पार्क में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, स्वतंत्रता सेनानी गिरीश चंद्र मिश्रा, महाकवि कन्हैयालाल सेठिया की मूर्तियां लगा, जाने की मांग को लेकर यह धरना दिया जा रहा है।


## आम सूचना

मेरे पति छगनसिंह पुत्र लक्ष्मणसिंह के नाम से एक पंजिकृत वाहन मोटरसाईकिल रजिस्ट्रेशन नंबर आरजे 18 जीएस 7368 मॉडल 2020 चैसिस नंबर एमबीएलएचएडब्ल्यूओ27के4एमओ4011 इंजन नंबर एचए11ईएनके4एम05596 है। यह कि मेरे पति का दिनांक 11-04-2025 को देहांत हो चुका है। अब उक्त वाहन को मैं मेरे नाम करवाना चाहती हूं अगर किसी को आपत्ति हो तो सात दिवस में परिवहन कार्यालय झुंझुनू में अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है।

**इचरज कंवर पत्नी स्व. छगनसिंह**
**निवासी-देवगांव (नूआं)**
**तहसील नवलगढ़, जिला-झुंझुनू (राज.)**



**प्रपत्र संख्या 7**
**(देखिये नियम 21)**
**कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग, बीकानेर**
**राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास**
**अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन**

मु.नं./56/2026/1233 दिनांक :-7-5-26

**नोटिस**
**समस्त संबंधित व्यक्तियों को**
**(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)**

चूंकि ओमप्रकाश सैनी पुत्र श्री ज्ञानीराम सैनी, पुलिस थाने के पीछे, सरदारशहर, चुरू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अंतर्गत सरस्वती विधालय शिक्षण संस्थान, सरदारशहर, चुरू के संबंध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है। अतएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तिओं के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यात्स के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करे। और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियों प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा। आज दिनांक 06.05.2026 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया।

प्रकरण की सुनवाई दिनांक 08.07.2026 निश्चित है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग बीकानेर


# मोबाइल चोरी और फर्जी सिम से बचाएगा संचार साथी पोर्टल

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा संचालित संचार साथी पोर्टल को लेकर विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि मोबाइल चोरी, फर्जी सिम, साइबर फ्रॉड और संदिग्ध कॉल्स से बचने के लिए इस पोर्टल और मोबाइल ऐप का अधिक से अधिक उपयोग करें। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक वीके सिंह ने बताया कि डिजिटल दौर में साइबर ठग नई तकनीकों के जरिए लोगों को निशाना बना रहे हैं। ऐसे में संचार साथी पोर्टल नागरिकों को मोबाइल और सिम कार्ड सुरक्षा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराता है। यह पोर्टल मोबाइल ऐप के रूप में गूगल प्ले स्टोर पर भी उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि पोर्टल के अपना खोया/चोरी हुआ मोबाइल हैंडसेट ब्लॉक करें फीचर के जरिए कोई भी व्यक्ति अपने चोरी या गुम हुए मोबाइल फोन के आईएमईआई नंबर को तुरंत ब्लॉक कर सकता है। इससे फोन में किसी भी कंपनी का सिम इस्तेमाल नहीं हो सकेगा। मोबाइल मिलने पर उसे दोबारा अनब्लॉक भी कराया जा सकता है। इसी प्रकार अपना मोबाइल जानें केवाईएम मॉड्यूल के जरिए लोग नया या पुराना मोबाइल खरीदने से पहले उसके आईएमईआई नंबर की जांच कर सकते हैं। इससे यह पता लगाया जा सकता है कि मोबाइल ब्लैकलिस्टेड, डुप्लीकेट या चोरी का तो नहीं है। पोर्टल के टीएएफसीओपी फीचर के माध्यम से नागरिक यह भी देख सकते हैं कि उनके नाम या आधार पर कितने मोबाइल नंबर सक्रिय हैं। यदि कोई अनजान नंबर दिखाई देता है तो उसकी शिकायत कर उसे बंद कराया जा सकता है। एडीजी वीके सिंह ने बताया कि चक्षु पोर्टल के जरिए व्हाट्सएप, कॉल या एसएमएस पर आने वाले फर्जी नौकरी, लॉटरी, केवाईसी अपडेट और बैंक अधिकारी बनकर ठगी करने के प्रयासों की रिपोर्ट भी दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी अब कॉलर आईडी स्पूफिंग तकनीक का इस्तेमाल कर विदेश से कॉल करते हुए भारतीय नंबर प्रदर्शित कर लोगों को ठगने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे मामलों में भारतीय नंबर से आने वाली अंतर्राष्ट्रीय कॉल की रिपोर्ट करें फीचर के जरिए शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

# कॉलेज में चुग्गा पात्र, परिंडे एवं घोंसले लगाए

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं (नवयत्न)।** राजकीय कन्या महाविद्यालय, लाडनूँ में शनिवार को पर्यावरण संरक्षण एवं पक्षी संरक्षण के उद्देश्य से परिंडे, चुग्गा पात्र एवं कृत्रिम घोंसलों की स्थापना का सराहनीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिसर के नीमए खेजड़ी एवं पीपल जैसे छायादार वृक्षों की टहनियों पर परिंडे एवं चुग्गा पात्र लटकाए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप-अधीक्षक पुलिस जितेंद्र सिंह चारण ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति एवं जीव-जंतुओं के संरक्षण की दिशा में ऐसे छोटे-छोटे प्रयास भी व्यापक पर्यावरणीय संतुलन स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी छात्राओं से अपने-अपने घरों में भी परिंडे लगाने एवं नियमित रूप से जल-चुग्गे की व्यवस्था करने का आह्वान किया। संयोजक सुरेन्द्र कागट ने बताया कि परिंडों एवं चुग्गा पात्रों की नियमित देखरेख एवं जल-आहार की व्यवस्था हेतु छात्राओं एवं स्टाफ सदस्यों ने स्वेच्छा से जिम्मेदारी ली है, जो अत्यंत सराहनीय पहल है। प्राचार्य डॉ. गजादान चारण ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए अपने.अपने घरों में भी परिंडे लगाने तथा पक्षियों के लिए सतत जल एवं दाना उपलब्ध कराने का आह्वान किया।

# पुलिस ने स्पा सेंटर पर मारा छापा



**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी के सोडाला थाना क्षेत्र में अजमेर रोड स्थित एक स्पा सेंटर पर शनिवार को पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतों के आधार पर बड़ी कार्रवाई की। छापे के दौरान मौके पर हड़कंप मच गया, जबकि कार्रवाई में बाधा डालने और पुलिस से उलझने पर दो युवकों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि अवैध व अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान के तहत सोडाला थाने के उपनिरीक्षक जयकुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि अजमेर रोड स्थित आईकॉनिक आयुर्वेद स्पा सेंटर में संदिग्ध गतिविधियां संचालित हो रही हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने चेतक-33 मोबाइल यूनिट के साथ मौके पर पहुंचकर अचानक दबिश दी। पुलिस के प्रवेश करते ही स्पा सेंटर में अफरा.तफरी मच गई। वहीं कार्रवाई के दौरान वहां मौजूद दो युवक पुलिस टीम से उलझ गए और पूछताछ के दौरान हंगामा करने लगे। दोनों ने खुद को रसूखदार बताते हुए ऊपर तक पहुंच होने की धमकी दी और पुलिस कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान धक्का.मुक्की और तनावपूर्ण स्थिति बन गई, जिसके बाद पुलिस ने दोनों को काबू में लेकर गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126 एवं 170 के तहत शांति भंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया है। वहीं मौके पर मौजूद छह युवतियों को समझाइश देकर छोड़ दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उत्तम दास 46 निवासी गोपालपुरा, जयपुर और शरीफ मोहम्मद 40 निवासी अशोक विहार, मुहाना के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि स्पा सेंटर की आड़ में संचालित गतिविधियों की गहन जांच की जा रही है। यदि किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता या अनैतिक गतिविधियों के प्रमाण मिलते हैं तो संबंधित संचालकों एवं नेटवर्क के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के बाद इलाके में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल रहा, हालांकि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया।


## आम सूचना

Tru Home Finance Limited शाखा तारानगर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री देवेन्द्र भार्गव पुत्र ऋषी नंदन भार्गव निवासी तारानगर जिला चूरू अपनी आवासीय जायदाद तादादी 2880 वर्ग फिट वाके वार्ड नम्बर 23, तहसील तारानगर, जिला चूरू जो की जरिये विक्रय पत्र डीड दिनांकित 24.03.2026 को मधुसुदन पुत्र छगनमल भार्गव से खरीद शुदा है जो कि पट्टा सम्वत 1936 मिती चैत बदी 12 का भू भाग है। उक्त जायदाद को प्रार्थी Tru Home Finance Limited शाखा तारानगर में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहती है। अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र/आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Tru Home Finance Limited शाखा तारानगर के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट, मो. 78774 80007, 78774 70007**


# नन्हे-मुन्ने बच्चों ने उकेरी कला



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** पावन तीर्थ स्थल श्री अमरापुर स्थान जयपुर द्वारा आयोजित 15 दिवसीय श्री अमरापुर बाल संस्कार शिविर में इन दिनों उत्साह और उमंग का वातावरण छाया हुआ है। शिविर में नन्हे-मुन्ने बच्चे प्रतिदिन पहुंचकर न केवल संस्कारों की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, बल्कि विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। शनिवार को शिविर में विशेष कला गतिविधि का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने सदगुरु टेऊँराम महाराज जी के चित्र में रंग भरकर उसे जीवंत रूप प्रदान किया। लगभग 90 बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी कला, कल्पना और रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। इस अवसर पर बच्चों को संस्कार, भक्ति और जीवन मूल्यों से जोड़ने का प्रयास भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने उत्साहपूर्वक चित्रकारी कर आध्यात्मिक वातावरण को और अधिक मनमोहक बना दिया। शिविर में संत एवं शिक्षक जितेन्द्र दाधीच के मार्गदर्शन में बच्चों को सरल और सुगम तरीके से मंत्रों एवं श्लोकों का अभ्यास कराया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप बच्चे अब भोजन मंत्र, स्नान मंत्र सहित गणेश, कृष्ण एवं शिव से जुड़े मंत्रों का उच्चारण सहजता से करने लगे हैं। बच्चों में संस्कारों के प्रति बढ़ती रुचि को देखकर अभिभावक भी प्रसन्नता और गर्व का अनुभव कर रहे हैं। शिविर के अंतर्गत रविवार को माता-पिता प्रथम गुरु होते हैं। विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में स्वामी मोहन प्रकाश महाराज ने बताया कि बच्चे अपने माता-पिता के नाम के साथ उनके मार्गदर्शन, संस्कार एवं सानिध्य को निबंध के माध्यम से अभिव्यक्त करेंगे। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में परिवार के प्रति सम्मान, संस्कार और कृतज्ञता की भावना विकसित करना है। शिविर के आयोजन से बच्चों में न केवल शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास हो रहा है, बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक चेतना का भी संचार हो रहा है।

# भागवत कथा के चौथे दिन रही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम



ललित दाधीच

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर स्थित श्री राम विद्यालय परिसर में शकुंतला देवी-महावीर प्रसाद शर्मा की पुण्य स्मृति में परिवारजनों द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव श्रद्धा, उल्लास और भक्तिमय वातावरण के बीच धूमधाम से मनाया गया महिलाओं और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव अवसर पर पूरा कथा परिसर रंग-बिरंगे गुब्बारों, आकर्षक फूलों एवं मनमोहक सजावट से सुसज्जित किया गया। जैसे ही कथावाचक ऋषिकेश हरिशरण महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाया, पूरा पंडाल नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालु भजन-कीर्तन पर देर तक झूमते और थिरकते रहे। श्री कृष्ण की बाल रूप की मनमोहक झांकी ने सभी का मन मोह लिया तथा श्रद्धालुओं ने भावविभोर होकर जयकारे लगाए। कथावाचक ऋषिकेश के हरिशरण महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि जब.जब धरती पर अत्याचार, अन्याय और अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतार लेकर धर्म की स्थापना करते हैं। उन्होंने कहा कि कंस द्वारा सभी मर्यादाओं को तोड़ने और अत्याचार बढ़ाने पर भगवान श्रीकृष्ण ने जन्म लेकर अधर्म का अंत किया। महाराज श्री ने कहा कि जीवन को सफल और संस्कारित बनाने के लिए अच्छे संकल्प लेना आवश्यक है। प्रत्येक बच्चे को अपने माता-पिता एवं गुरुजनों की आज्ञा का पालन करना चाहिए, तभी जीवन में सफलता और सम्मान प्राप्त होता है। इस अवसर पर यजमान सुशील शर्मा सहपत्नीक ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भागवत पुराण की आरती उतारी। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां ने भी शिरकत कर कथा श्रवण किया तथा महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं मनोज शर्मा, राजेंद्र शर्मा, भुवनेश्वर शर्मा, ललित दाधीच, अभय सोनी, उमाशंकर दाधीच, राजेश पाण्डे, दीपक, केशव, अश्विन, हर्षित, लोकेश, मनोज पारीक, रामनिवास नाई, पवन शर्मा, सुशील शर्मा रतनगढ़, हनुमान प्रजापत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।


**विवाद्यको के स्थिरीकरण के लिये समन**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, झुंझुनूं।**

वादी इमामुदीन भाटी विरूद्ध कामस वगै.

**दावा बाबत घोषणा व खाता विभाजन व स्थाई निषेधाज्ञा**

मुकदमा संख्या 116/2025

**प्रेषित :-**

1. कासम अली पुत्र सुमान खां
2. पप्पू भटी, अदरीस भाटी, सरीफ भाटी, उम्मेद भाटी, बरकत बानो पुत्र/पुत्री स्व. शमशेर खां
3. आबिद अली, नुसरत बानो, शाहिद अख्तर, शहनाज, जुबैदा पुत्र/पुत्री हाकिम अली
4. गीगा, भोलू खां पुत्रगण मनीर खां
5. जरीना बानो पत्नी हासिम अली
6. जरीना बानो पत्नी शौकीन
7. मरियम पुत्री इब्राहिम
8. सरीफ, सदाम, सलीम, साहिदा बानो, हुसैन पुत्र/पुत्री सौकीन
9. सिराज पुत्र मनीर खां
10. इकबाल, शाहरुखा, आबिदा, रसुमा, सलीम, शबनम पुत्र/पुत्री मुमताज
11. मो. रफीक पुत्र सलामुदीन
12. मुन्नी पत्नी मो. जावेद, हिना, आसमां पुत्र/पुत्री मौबिन सगस्त जाति सिक्का (मुसलमान) निवासी सूर्य विहार, भाटी कॉलोनी झुंझुनूं तहसील व जिला झुंझुनूं (राज.)।
13. आलम बानो, बेबी बानो, मदीना, मो. रफीक, रुकिया, रमजान, हासिल अली पुत्र/पुत्री अनु खां
14. ईदरीस, नूरजहां, मौसीन, सज्जाद अली, साबिरा, हसीना पुत्र/पुत्री शौकत
15. इस्तियाक, मुस्ताक खां, मो. ईशाक, मो. जावेद पुत्रगण बशीर खां
16. मो. खुर्शीद पुत्र इब्राहिम

समस्त जाति सिक्का (मुसलमान) निवासी रोड नं 02, आईसा मस्जिद के पास झुंझुनूं तहसील व जिला झुंझुनूं (राज.)।

17. ताहीरा (पत्नी), अरमान, रेसमा, आलम, नाजीया, आसमीन पुत्र/पुत्री नबाब जाति सिक्का (मुसलमान) निवासी गांधी चौक, भाटी गैस एजेन्सी के पास, झुंझुनूं।
18 अनिता पत्नी जुगल किशोर निवासी ढुकिया हॉस्पिटल के पास, झुंझुनूं।
19. नरेन्द्र सिंह पुत्र गुमान सिंह निवासी राजपूत कॉलोनी, रेलवे स्टेशन के पास झुंझुनूं।
20. प्रमोद कुमार पुत्र जुगल किशोर निवासी नेहरू मार्केट, खादी भण्डार के पास, झुंझुनूं।
21. मो. असलम पुत्र मो. यासीन निवासी नूर मस्जिद के पास, झुंझुनूं।
22. सुरेन्द्र सिंह पुत्र गुमान सिंह निवासी राजपूत कॉलोनी, रेलवे स्टेशन के पास, झुंझुनूं।
23. तहसीलदार झुंझुनूं

**-प्रतिवादीगण**

वादी इमामुदीन ने आपके विरुद्ध ईमामुदीन ने वाद के लिये संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 23/6/26 को दिन के 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात होने के लिये समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतीक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस

दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करे जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है, और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टी करे। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनपुस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 1461/15/05/26 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**आज्ञा से**
**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी**
**झुन्झुनू (राज.)**


# पीएमश्री विद्यालय के विद्यार्थियों का भामाशाह ने किया आर्थिक सहयोग

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर के प्रतिभावान विद्यार्थी विकास सैनी एवं हेमंत सैनी को सीकर में आईआईटी-जेईई की तैयारी हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। राम प्रताप अंजना देवी दयाल हेल्प ट्रस्ट, डॉ सांवरमल अग्रवाल एवं लिया अग्रवाल (कनाडा) द्वारा दोनों विद्यार्थियों को एक-एक लाख रुपए की सहायता राशि दी गई। साथ ही रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज द्वारा प्रत्येक छात्र को 11-11 हजार रुपए का सहयोग प्रदान किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने बताया कि विकास सैनी ने 12वीं गणित वर्ग में 97.20 प्रतिशत तथा हेमंत सैनी ने 12 वीं गणित में 96.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय ने इस सत्र की उच्च माध्यमिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 19 विद्यार्थियों को 90 प्रतिशत से अधिक अंक दिलाकर नया इतिहास रचा है। विद्यालय परिवार के सतत प्रयास, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं विद्यार्थियों की मेहनत के परिणामस्वरूप यह उपलब्धि संभव हो पाई है। दोनों ही विद्यार्थीयों के अभिभावक आईआईटी की तैयारी करवाने लिए आर्थिक रूप से सक्षम नहीं थे। इस आर्थिक सहायता से विद्यार्थी बेहतर ढंग से आईआईटी-जेईई की तैयारी कर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकेंगे। डॉ मधु चौधरी ने बताया कि भविष्य में भी यदि कोई प्रतिभावान विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहता है तो विद्यालय परिवार उसकी हर संभव सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेगा। विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा डॉ मधु चौधरी एवं विद्यालय परिवार ने सभी भामाशाहों का आभार व्यक्त किया।

# डेयरी के कमरे से चल रहा था ऑनलाइन क्रिकेट का सट्टा

## मोबाइल-नकदी सहित एक बुकी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** आईपीएल क्रिकेट मैचों के दौरान ऑनलाइन सट्टेबाजी पर शिकंजा कसते हुए जयपुर कमिश्नरेट की क्राइम स्पेशल टीम और करधनी थाना पुलिस ने शनिवार को संयुक्त कार्रवाई कर एक बड़े सट्टा नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने गोकुलपुरा इलाके में डेयरी के पीछे बने कमरे में दबिश देकर एक बुकी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी व्हाट्सएप ग्रुप और ऑनलाइन सट्टा एप्स के जरिए आईपीएल मैच पर दांव लगवा रहा था। पुलिस उपायुक्त अपराध संजीव नैन ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि करधनी थाना इलाके में तेजाजी मंदिर के पीछे स्थित एक डेयरी के कमरे में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित किया जा रहा है। सूचना की पुष्टि के बाद सीएसटी और करधनी थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। पुलिस टीम जब मौके पर पहुंची तो आरोपी दुलीचंद सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच चल रहे आईपीएल टी-20 मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलाता मिला। आरोपी व्हाट्सएप ग्रुप और ऑनलाइन सट्टा एप्स के जरिए लोगों से दांव लगवा रहा था। पुलिस ने उसे मौके पर ही पकड़ा। वहीं कार्रवाई के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सट्टेबाजी में उपयोग किए जा रहे तीन एंड्रॉइड मोबाइल फोन और 2 लाख 6 हजार 100 रुपए नकद बरामद किए।

पुलिस के अनुसार आरोपी संगठित तरीके से लोगों को ऑनलाइन सट्टे के जाल में फंसा रहा था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 25 वर्षीय दुलीचंद के रूप में हुई है। वह मूल रूप से कोटपूतली-बहरोड़ जिले के नांगल चेचिका गांव का निवासी है और वर्तमान में गोकुलपुरा स्थित उमा विहार कॉलोनी में किराए पर रह रहा था। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि वह सट्टे की लाइन किस मुख्य बुकी या वेबसाइट से ले रहा था। साथ ही उसके अन्य सहयोगियों, नेटवर्क और वित्तीय लेन-देन की भी जांच की जा रही है। पुलिस को इस मामले में जल्द और बड़े खुलासे होने की उम्मीद है।

# निर्भया हेल्पलाइन की मुस्तैदी से युवती को मिली राहत, मनचला गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी में महिला सुरक्षा को लेकर सक्रिय जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवती को लंबे समय से परेशान कर रहे मनचले को गिरफ्तार किया है। आरोपी युवती को लगातार फोन कर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था और उसके ऑफिस पहुंचकर धमकाने लगा। सूचना मिलते ही कालिका टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को दबोच लिया। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर योगेश दाधीच के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा के नेतृत्व में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा मनचलों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की टीम महिला सुरक्षा को लेकर गश्त पर थी। इसी दौरान निर्भया हेल्पलाइन पर सूचना मिली कि सदर थाना इलाके स्थित एंकर मॉल में एक युवक युवती को परेशान कर रहा है। सूचना मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पीड़िता से संपर्क किया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मोहित शर्मा नामक युवक काफी समय से उसे और उसके परिजनों को फोन कर परेशान कर रहा था। आरोपी उसे धमकी देता था कि यदि उसने ऑफिस में किसी को इस बारे में बताया तो अंजाम बुरा होगा। आरोपी युवती के ऑफिस तक पहुंच गया और वहां भी उसे प्रताड़ित करने लगा। जब कालिका पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची तब आरोपी ऑफिस की पार्किंग में ही मौजूद था। पुलिस टीम ने जब उससे पूछताछ की तो वह आक्रोशित हो गया और पुलिस के सामने ही युवती को दोबारा धमकाने लगा। आरोपी के आक्रामक रवैये को देखते हुए पुलिस टीम ने तत्काल उसे काबू कर लिया और सदर थाने में गिरफ्तार करवा दिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 25 वर्षीय मोहित शर्मा के रूप में हुई है। वह सोडाला स्थित जनता नगर रांकड़ी इलाके का निवासी है। पुलिस आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है। एडीसीपी रानू शर्मा ने महिलाओं और बालिकाओं से अपील की है कि किसी भी आपात स्थिति या मनचलों से परेशान होने पर निर्भया हेल्पलाइन के नंबर मोबाइल में सेव रखें और तुरंत पुलिस को सूचना दें ताकि कालिका टीम समय रहते सहायता के लिए पहुंच सके।

# 41 बार चालान कटने पर भी नहीं सुधरा चालक

## यातायात पुलिस ने कार की सीज

**जयपुर (नवयत्न)।** यातायात नियमों की लगातार अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ जयपुर यातायात पुलिस ने सख्त अभियान शुरू कर दिया है। इसी अभियान के तहत पुलिस ने एक ऐसी कार को जब्त किया है, जिसके चालक ने 41 बार यातायात नियमों का उल्लंघन किया था और एक भी ई-चालान का जुर्माना जमा नहीं कराया था। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देश पर मोटर वाहन अधिनियम 1988 संशोधित 2019 के तहत आदतन नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर यातायात योगेश दाधीच के नेतृत्व में यातायात पुलिस उपायुक्त योगेश गोयल ने बताया कि ई-चालान पोर्टल के जरिए प्रतिदिन ऐसे वाहन चालकों की सूची तैयार की जा रही है, जो बार-बार नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। विशेष निगरानी अभियान के दौरान 22 मई 2026 को कार नंबर दोबारा यातायात नियम तोड़ते हुए पकड़ी गई। ड्यूटी पर तैनात सहायक उपनिरीक्षक रवीन्द्र कुमार ने वाहन को रुकवाकर ऑनलाइन रिकॉर्ड जांचा तो पता चला कि कार पर पहले से 41 ई-चालान लंबित हैं। इसके बाद पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन को मौके पर ही जब्त कर लिया। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे समय पर अपने ई-चालानों का निस्तारण करवाएं। पुलिस के अनुसार जिन मामलों को वर्चुअल कोर्ट भेज दिया जाता है, उनका निपटारा फिर यातायात पुलिस कार्यालय स्तर पर संभव नहीं होता। वाहन स्वामी अपने लंबित चालानों की जानकारी और स्थिति वर्चुअल कोर्ट पोर्टल पर देख सकते हैं। यातायात पुलिस का कहना है कि शहरभर में आदतन नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों की निगरानी जारी है और आने वाले दिनों में अभियान को और तेज किया जाएगा, ताकि सड़क हादसों पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सके।

# राष्ट्रीय सैनी सभा ने राजस्थान में संगठन विस्तार को दी नई मजबूती, अजय बने प्रदेश अध्यक्ष

हर्ष सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** देश के अग्रणी सामाजिक संगठन राष्ट्रीय सैनी सभा द्वारा राजस्थान राज्य में संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की गई है। राष्ट्रीय सैनी सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश सैनी की संस्तुति पर राष्ट्रीय महासचिव जय भगवान सैनी ने अजय सैनी को राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की घोषणा की। इसके साथ ही डॉ शिवकुमार सैनी को प्रदेश महासचिव एवं जयपुर निवासी डीसी सैनी उर्फ डालूराम को प्रदेश कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राष्ट्रीय सैनी सभा लंबे समय से देशभर में सैनी, माली, कुशवाहा एवं शाक्य समाज को सामाजिक, शैक्षिक एवं राजनीतिक रूप से संगठित करने का कार्य कर रही है। राजस्थान में भी संगठन लगातार समाज को एकजुट करने और युवाओं को सामाजिक नेतृत्व से जोड़ने के अभियान को मजबूती दे रहा है। संगठन का उद्देश्य समाज में भाईचारा, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं राजनीतिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय सैनी सभा समाज के हितों की आवाज को मजबूती से उठाने वाला एक अग्रणी संगठन है। राजस्थान जैसे बड़े राज्य में संगठन विस्तार के लिए समर्पित एवं सक्रिय पदाधिकारियों की आवश्यकता थी। उन्हें विश्वास है कि नवनियुक्त टीम संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेगी तथा समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। राष्ट्रीय महासचिव जय भगवान सैनी ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अजय सैनी को निर्देश दिए कि वह प्रदेशभर में संगठन का विस्तार करते हुए जिला एवं तहसील स्तर तक मजबूत टीम का गठन करें तथा समाज के लोगों को



राष्ट्रीय सैनी सभा से जोड़ने का कार्य तेज गति से करें।

उन्होंने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग को साथ लेकर सामाजिक एकता को मजबूत करना है। नवनियुक्त राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष अजय सैनी ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में निवास करने वाले सैनी-माली समाज को एकजुट करने के लिए राष्ट्रीय सैनी सभा को मजबूत प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित किया जाएगा। प्रदेश के प्रत्येक जिले में संगठन का विस्तार कर समाज के युवाओं, महिलाओं एवं बुद्धिजीवियों को जोड़ने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अजय सैनी सैनी ने बताया कि राष्ट्रीय सैनी सभा राजस्थान इकाई जून माह में संगठनात्मक विस्तार को लेकर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगी, जिसमें प्रदेशभर से समाज के प्रबुद्धजन, युवा एवं संगठन पदाधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम के माध्यम से संगठन को गांव, तहसील एवं जिला स्तर तक मजबूत करने की रणनीति तैयार की जाएगी।

नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अजय सैनी लंबे समय से संगठन में अपनी सक्रिय जिम्मेदारी निभा रहे हैं मार्च 2019 से झुंझुनू जिले के जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी और सितंबर 2023 से शेखावाटी संभाग की जिम्मेदारी दी गई मार्च 2024 को राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बनाए गए और दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई और आज वर्तमान में उनके कार्य करने की सक्रियता भूमिका को देखते हुए राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी दी गई।

# सरसों-चने के ऊंचे बाजार भाव से समर्थन मूल्य केंद्र सूने

## बाजार में ज्यादा दाम मिलने से किसान एमएसपी केंद्रों से दूरी बना रहे

निसं



**सरदारशहर (नवयत्न)।** कृषि उपज मंडी स्थित समर्थन मूल्य खरीद केंद्र पर इन दिनों पूरी तरह सन्नाटा पसरा हुआ है। सरकार की ओर से सरसों और चने की समर्थन मूल्य पर खरीद की जा रही है लेकिन बाजार में दोनों फसलों के भाव समर्थन मूल्य से अधिक होने के कारण किसान अपनी उपज मंडी के खुले बाजार में बेच रहे हैं।

इसके चलते खरीद केंद्रों पर किसानों की आवाजाही लगभग थम गई है। समर्थन मूल्य खरीद केंद्र के कर्मचारी नरेश कुमार पारीक और ठेकेदार रफीक खान ने बताया कि राजफेड की ओर से अब तक चने के 881 टोकन जारी किए जा चुके हैं। इनमें से 537 किसानों ने अपनी चने की फसल की तुलाई करवाई है। वहीं सरसों के लिए 1335 टोकन जारी किए गए लेकिन अब तक केवल 20 किसानों ने ही समर्थन मूल्य पर सरसों की तुलाई करवाई है। उन्होंने बताया कि पिछले चार-पांच दिनों से चने के बाजार भाव समर्थन मूल्य से अधिक चल रहे हैं, जिसके चलते किसानों ने समर्थन मूल्य केंद्र पर फसल बेचनी लगभग बंद कर दी है। वहीं सरसों के बाजार भाव शुरुआत से ही बेहतर रहने के कारण किसान सीधे बाजारों का रुख कर रहे हैं। खरीद केंद्र पर किसानों की कमी का असर वहां काम करने वाले पलदारों और मजदूरों पर भी साफ दिखाई दे रहा है। बाहर से मजदूरी करने आए श्रमिक बेरोजगार बैठे नजर आ रहे हैं। मजदूरों का कहना है कि खरीद कार्य ठप होने से उनके सामने रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। किसानों का कहना है कि जब बाजार में समर्थन मूल्य से ज्यादा दाम मिल रहे हैं तो वे स्वाभाविक रूप से अपनी फसल बाजार में बेचेंगे।

किसानों ने सरकार से मांग की कि समर्थन मूल्य की दरों में बढ़ोतरी की जाए, ताकि किसानों को एमएसपी पर फसल बेचने में लाभ दिखाई दे और खरीद केंद्रों पर फिर से रौनक लौट सके।

# श्रद्धा और अच्छे कर्मों से ही समाज का कल्याण संभव : राम प्रिय दास महाराज

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी जयपुर के करतारपुरा फाटक स्थित विजय नगर कॉलोनी इन दिनों श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ से भक्तिमय माहौल में सराबोर है। देवाश्रय परिसर में 24 मई तक आयोजित इस धार्मिक आयोजन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथा का आयोजन महामंडलेश्वर राम प्रिय दास महाराज के सानिध्य में किया जा रहा है जबकि अंतर्राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता एवं धर्म प्रचारक पं श्री 108 श्री श्याम दास महाराज व्यासपीठ से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान करवा रहे हैं। कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित हो रही है। इस अवसर पर पत्रकारों से भगवत चर्चा करते हुए महामंडलेश्वर राम प्रिय दास महाराज ने कहा कि सनातन संस्कृति के सभी धर्मग्रंथ और धार्मिक साहित्य समाज को शिक्षित और संस्कारित करने के लिए बनाए गए हैं लेकिन वर्तमान समय में लोगों का उनसे दूर होना समाज में विघटन का कारण बन रहा है। उन्होंने कहा कि आत्मा और परमात्मा में कोई अंतर नहीं है क्योंकि आत्मा स्वयं परमात्मा का ही अंश है। महाराज ने कहा कि समाज में फैली भ्रांतियों के कारण लोग महाभारत जैसे महान ग्रंथ को घर में रखने से भी कतराने लगे हैं। ज्ञान के अभाव में लोग राम और कृष्ण तथा राधा और रुक्मणी में भेद करने लगे हैं जबकि भगवान की सभी लीलाएं अलौकिक हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जीवन लौकिक है इसलिए ईश्वर की लीलाओं को सांसारिक दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। पूजा-पद्धति पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बिना श्रद्धा के कोई भी पूजा-अर्चना या धर्म कर्म सफल नहीं हो सकता। अच्छे कर्मों और सकारात्मक सोच से ही समाज का कल्याण संभव है। उन्होंने बताया कि ईश्वर की प्रेरणा और समाज के सहयोग से अब तक छोटे गांवों में 500 से अधिक जीर्ण-शीर्ण मंदिरों का पुनर्निर्माण करवाकर उनमें भगवान की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा करवाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के पास संसाधनों की कमी होती है जबकि जिनके पास संसाधन हैं उन्हें सही मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। ऐसे में जब समाज और श्रद्धा एक साथ जुड़ते हैं तो कठिन से कठिन कार्य भी सरल हो जाता है। आयोजन समिति के अनुसार 24 मई को शाम 5 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक प्रेमभाया सरकार का भक्तिमय सत्संग भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल विजय नगर, करतारपुरा फाटक रखा गया है। आयोजनकर्ता ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि यह आयोजन स्व. चंद्र किशोर शर्मा और स्व. विजय लक्ष्मी शर्मा की स्मृति में कराया जा रहा है। कश्यप परिवार ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

# गोवर्धननाथ मंदिर में सजी कमल तलाई की मनमोहक झांकी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** अधिकमास के अवसर पर सूरजपोल स्थित मोहनबाड़ी के श्री गोवर्धननाथ मंदिर में चल रहे 11 दिवसीय श्रीमद्भागवत एकादश एवं मूल श्लोक परायण महोत्सव के तहत शनिवार को यमुना जी में कमल तलाई के मनोरथ की आकर्षक झांकी सजाई गई। झांकी श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र रही और दर्शन के लिए दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। श्री पुष्टिमार्गीय वैष्णव मंडल एवं श्री वल्लभ पुष्टिमार्गीय मंदिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में आयोजित इस महोत्सव में श्री गोवर्धननाथ एवं मथुराधीश प्रभु के विशेष दर्शन और 56 भोग का आयोजन भी किया जा रहा है।

मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष नारायण दास अग्रवाल, मंत्री सोहनलाल टुकड़ेवाला, संयोजक नटवरलाल मालपानी एवं कोषाध्यक्ष गोरधनदास भगत ने बताया कि झांकी में हजारों कमल के फूलों, करीब 25 किलो मोगरे के फूलों और 450 से 500 हरी पत्तियों की मालाओं का उपयोग किया गया। लगभग 30 से 40 कारीगरों ने करीब 12 घंटे की मेहनत से इस भव्य झांकी को तैयार किया। इससे पूर्व व्यासपीठ से भागवत मर्मज्ञ गिरिराज शास्त्री ने भगवान नृसिंह और वामन अवतार के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के नृसिंह और वामन अवतार धर्म, भक्ति और अहंकार के नाश के दिव्य प्रतीक हैं।

नृसिंह अवतार भक्त प्रह्लाद की रक्षा और हिरण्यकशिपु के वध के लिए हुआ जबकि वामन अवतार राजा बलि के अहंकार को समाप्त कर देवताओं को स्वर्ग दिलाने के लिए प्रकट हुए। उन्होंने कहा कि धर्म की गति अत्यंत तेज होती है और मनुष्य के अच्छे-बुरे कर्म उसका हमेशा पीछा करते हैं। अच्छे कर्मों का फल सदैव शुभ होता है जबकि बुरे कर्मों की सजा से कोई नहीं बच सकता। उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन में सत्कर्म और संयम अपनाने का आह्वान किया। कथा प्रारंभ होने से पहले पीडी बांगड़ एवं एमडी बांगड़ परिवार ने श्रीमद्भागवत जी की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी। कथा संयोजक गोविंद मालपानी ने बताया कि रविवार को नंदोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव के दौरान भागवत के मूल श्लोकों का



पाठ भी किया गया, जिसकी स्वर लहरियों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। कार्यक्रम में लक्ष्मण मलिक, ओमप्रकाश मांधना, सरोज चावला, रामसहाय मांधना, सुनील कपूर, संजय बांगड़, भरत मालपानी, प्रमोद कोटेवाला, गोवर्धन भगत और रेखा भगत सहित कई श्रद्धालु और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रत्येक नागरिक आभा आईडी बनवाकर लाभ उठाएं : सीएमएचओ

**जयपुर (नवयत्न)।** स्वास्थ्य विभाग राजस्थान सरकार द्वारा भारत सरकार की महत्वूर्ण योजना आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को राज्य में क्रियान्वित किया जा रहा है। जिसका लक्ष्य भारत में एकीकृत डिजिटल स्वास्थ्य परिस्थितिकी तंत्र बनाया जा रहा है। इससे देश में यूनिर्वसल हेल्थ कवरेज की अवधारणा को साकार किया जा सकेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ मनीष मित्तल ने बताया कि प्रत्येक नागरिक के आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी) का 14 अंकीय विशिष्ट आभा नम्बर को राष्ट्रीय डिजिटल इकोसिस्टम से जोड़ता है। आभा आईडी एक व्यक्तिगत स्वास्थ्य रिकार्ड एप्लिकेशन है जो आपको स्वास्थ्य रिकार्ड जैसे लैब रिपोर्ट, टीकाकरण, प्रमाण-पत्र आदि को लिंक करने, देखने और पंजीकृत चिकित्सकों से शेयर करने की और स्वास्थ्य सुविधाओं आदि की खोज भी कर सकते है। नागरिक के तौर पर डिजिटल मेडिकल रिकार्ड के साथ बेहतर नियंत्रण और समय की बचत, बार-बार होने वाले परीक्षणों (जॉच) के खर्चो से मुक्ति, स्वास्थ्य सेवाओं और उत्पादों की आसानी से खोज कर उन तक पहुँचने और उनका लाभ उठाने जैसी सुविधाए मिलती हैँ। आम नागरिको से अपील है कि वे चिकित्सा विभाग द्वारा किये जा रहे इस कार्य में अपना पूर्ण सहयोग करे ताकि जिले के हर नागरिक की आभा आईडी बनाई जा सके। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य डॉ सुरेंद्र कुमार गोयल ने बताया कि आभा आईडी व आयुष्मान कार्ड के लिए आधार कार्ड व मोबाईल जो आधार से लिंक हो, लेकर जाए और अपना आभा आईडी तथा आयुष्मान कार्ड बनवाये। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन योजना का उद्देश्य देश में डिजिटल स्वास्थ्य को बढावा देना है। जिले में हर नागरिक की आभा आईडी बनाने के लिए चिकित्सा विभाग प्रतिबद्ध है। इसके तहत एक डिजिटल प्लेटफार्म का निर्माण किया गया है जिससे आमजन सरल व सुगम रुप से किसी भी स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से अपने पुराने रिकॉर्ड सुरक्षित व डिजिटल रुप में कही भी साझा कर सकेंगे तथा स्वास्थ्य सेवाओं का प्रभावी लाभ उठा सकेंगे। इससे ना केवल स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को बेहतर एवं सटीक रोग निवारण एवं निदान में सहायता मिलेगी बल्कि रोग प्रबंधन भी बेहतर ढंग से किया जा सकेगा।

# गैस सिलेंडरों से भरे ट्रक के पास टैंपो से धुआं उठने से मची अफरा-तफरी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** झोटवाड़ा थाना इलाके की प्रेम नगर कॉलोनी में शनिवार सुबह गैस सिलेंडरों से भरे ट्रक के पास खड़े एक लोडिंग टैंपो से अचानक धुआं उठने पर अफरा-तफरी मच गई। घटना गैस गोदाम के बाहर हुई, जहां ट्रक सिलेंडर खाली करने पहुंचा था। समय रहते कर्मचारियों और स्थानीय लोगों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार गैस सिलेंडरों से भरा ट्रक सुबह गोदाम पर सिलेंडर उतारने पहुंचा था। ट्रक में ड्राइवर और एक अन्य व्यक्ति मौजूद थे। ड्राइवर ट्रक को गोदाम के बाहर खड़ा कर अंदर चला गया। इसी दौरान ट्रक के पास खड़े लोडिंग टैंपो से अचानक धुआं उठने लगा। टैंपो से धुआं निकलता देख ट्रक में बैठा व्यक्ति घबरा गया और जोर-जोर से चिल्लाने लगा। आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। गैस सिलेंडरों से भरे ट्रक के ठीक पास धुआं उठता देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आसपास की कॉलोनियों के लोगों में दहशत फैल गई और लोग घरों से बाहर निकल आए। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति पर तुरंत काबू पाया, जिससे संभावित बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय निवासी महेश ने बताया कि गैस गोदाम रिहायशी इलाके में संचालित हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने



इसे हटाने की मांग को लेकर कई बार प्रशासन को लिखित शिकायत भी दी लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का कहना है कि आबादी के बीच गैस गोदाम होने से हमेशा दुर्घटना का खतरा बना रहता है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि लोडिंग टैंपो में शॉर्ट सर्किट और तारों में स्पार्किंग के कारण धुआं उठा। बताया जा रहा है कि टैंपो को कुछ समय पहले ही चालक चलाकर लाया था। वाहन गर्म होने के कारण वायरिंग में स्पार्किंग हुई और धुआं निकलने लगा। हालांकि समय रहते स्थिति नियंत्रित कर ली गई और कोई जनहानि नहीं हुई।

# अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से कूद युवती ने दी जान

**जयपुर (नवयत्न)।** कालवाड़ थाना इलाके में एक युवती ने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। गंभीर हालत में युवती को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार कालवाड़ निवासी 27 वर्षीय युवती पिछले चार वर्षों से मानसिक रूप से बीमार चल रही थी।

वह हाथोज स्थित अपने फ्लैट पर अक्सर जाया करती थी। जिस पर शुक्रवार दोपहर भी वह फ्लैट पर पहुंची थी। दोपहर करीब दो बजे वह घर से निकलकर करीब 100 मीटर दूर स्थित एक रेजीडेंसी की छत पर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि युवती ने रेजीडेंसी की चौथी मंजिल से अचानक छलांग लगा दी। तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल युवती को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

# टीबी नि:शुल्क जांच शिविर कल

निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** केसीसी प्रोजेक्ट की सीएसआर योजना के तहत केसीसी अस्पताल में सोमवार को टीबी रोगियों की नि:शुल्क जांच शिविर लगाया जाएगा। मुन्ना लाल जेदिया ने बताया कि सीएसआर योजना के तहत केसीसी अस्पताल में सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे से टीबी रोगियों की नि:शुल्क जांच कर दवा वितरण की जाएगी।

## सम्पादकीय

# 21वीं सदी में दहेज हत्याएं



यह दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है कि 21वीं सदी के इस युग में भी दहेज प्रताड़ना और हत्या से जुड़े मामले सामने आते रहते हैं। इन दिनों ऐसे ही दो मामले चर्चा में हैं। एक नोएडा की त्विषा शर्मा की अपनी ससुराल भोपाल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का है और दूसरा ग्रेटर नोएडा की दीपिका नागर का।

दीपिका के स्वजन यह आरोप लगा रहे हैं कि उनकी बेटी की दहेज के कारण जान ले ली गई। भोपाल के मामले ने तो इतना तूल पकड़ा कि मध्य प्रदेश सरकार ने जांच सीबीआइ को सौंपने का फैसला किया। दीपिका के भी स्वजन अपनी बेटी की मौत के मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं। दीपिका के परिवार के लोगों की मानें तो उन्होंने उसकी शादी में एक करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए और वर पक्ष को बहुत से उपहार दिए थे, फिर भी और दहेज की मांग हो रही थी।

त्विषा शर्मा के ससुराल वालों पर भी दहेज प्रताड़ना के तहत मामला दर्ज किया गया है। ये दोनों ही परिवार आर्थिक रूप से संपन्न हैं, इसलिए इस नतीजे पर पहुंचने की विवशता है कि दहेज के मामले केवल गरीब-अशिक्षित परिवारों तक ही सीमित नहीं हैं। चूंकि दोनों ही मामलों की जांच जारी है, इसलिए अभी अंतिम निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा जा सकता।

इसलिए और भी नहीं, क्योंकि कई बार दहेज प्रताड़ना के आरोप मिथ्या होते हैं और यह भी किसी से छिपा नहीं कि दहेज निवारक अधिनियम उन कानूनों में से है, जिसका दुरुपयोग हो रहा है। इस दुरुपयोग को लेकर उच्च न्यायालयों से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक चिंता जता चुके हैं, लेकिन इसका यह भी अर्थ नहीं कि दहेज प्रताड़ना के सारे मामले झूठे होते हैं।

यह एक कटु सच्चाई है कि कई बार वधुएं दहेज के कारण इतना प्रताड़ित होती हैं कि वे आत्महत्या कर लेती हैं। तथ्य यह भी है कि दहेज हत्या के मामलों में सजा होती रहती है। ऐसे मामले सभ्य समाज के लिए शर्म की बात हैं। इससे कोई इन्कार नहीं कर सकता कि बेटी के विवाह में स्वेच्छा से उपहार देने वाले माता-पिता को कई बार वर पक्ष की बेजा मांगों को भी मानना पड़ता है। वास्तव में ऐसे मामलों की गिनती करना कठिन है, जिनमें दहेज मांगा जाता है। कुछ मामलों में तो विवाह के बाद भी दहेज की मांग होती है। ऐसा उन युवतियों के साथ भी हो रहा है, जो नौकरी करती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार 2024 में दहेज हत्या के 5,737 मामले दर्ज हुए। हमें यह सच स्वीकार करना होगा कि दहेज एक सामाजिक बुराई के रूप में हमारे बीच अब भी मौजूद है। इस बुराई को केवल कानून के सहारे खत्म नहीं किया जा सकता। इसमें समाज का सहयोग आवश्यक है। दहेज प्रताड़ना और हत्या के मामले यही बताते हैं कि हम अभी आदर्श समाज बनने से दूर हैं।

## विशेष आलेख

# द्विपक्षीय संबंधों को दिशा देने वाला दौरा

**रूबियो 23 से 26 मई के बीच भारत में रहेंगे। विदेश मंत्री के रूप में उनका यह पहला भारत दौरा है, जिसका प्रतीकात्मक एवं रणनीतिक दोनों स्तरों पर महत्व है। कोलकाता, जयपुर, आगरा और नई दिल्ली जैसे पड़ावों से गुजरने वाले उनके इस दौरे के बहुत गहरे निहितार्थ हैं, जिसके तार सभ्यतागत संपर्क को भू-राजनीतिक वास्तविकताओं के साथ जोड़ते हैं। स्वाभाविक है कि इसमें एक गंभीर कूटनीतिक एजेंडा भी है, जिसकी कड़ियां ऊर्जा सुरक्षा, व्यापारिक मुद्दों, रक्षा सहयोग और महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन से जुड़ी हैं।**



अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो का चार दिवसीय भारत दौरा किसी आम राजनयिक दौरे के सामान्य पड़ाव से कहीं बढ़कर है। यह वाशिंगटन द्वारा एक ऐसे रिश्ते को स्थिर कर उसे पटरी पर लाने के लिए नए सिरे से किए जाने वाले प्रयासों को भी रेखांकित करता है, जिन संबंधों में बीते कुछ समय से खासी उथल-पुथल रही है।

यह शक्ति संतुलन की राजनीति के प्रति भारत के निरंतर परिपक्व होते परिष्कृत दृष्टिकोण को भी दर्शाता है। एक ऐसे दौर में जहां अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था विखंडन के दौर से गुजर रही है, वहां नई दिल्ली पश्चिमी देशों के नेतृत्व वाले क्वाड और गैर-पश्चिमी देशों के ब्रिक्स जैसे दोनों गठबंधनों के साथ जुड़ाव को और गहरा करके अपने रणनीतिक लचीलेपन को धार देने में लगी है।

इस यात्रा का समय भी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। ट्रंप प्रशासन के दूसरे कार्यकाल में भारत-अमेरिका संबंधों में टैरिफ, भारत की रूस के साथ निरंतर सक्रियता और क्वाड को लेकर शिथिलता के चलते तनाव दिखा है। इस परिदृश्य में रूबियो की भारत यात्रा वाशिंगटन की उसी मान्यता का प्रतीक है कि कतिपय असहमतियों के बावजूद भारत अमेरिका की हिंद-प्रशांत रणनीति के लिए अपरिहार्य बना हुआ है। इस यात्रा के केंद्र में क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक है। भारत के अलावा अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया क्वाड का हिस्सा हैं। समय के साथ क्वाड एक परामर्शीय मंच से बढ़कर हिंद-प्रशांत रणनीतिक ढांचे का एक केंद्रीय स्तंभ बनकर उभरा है। वाशिंगटन के लिए यह चीन के बढ़ते क्षेत्रीय प्रभाव को संतुलित करने के साथ ही तकनीकी समन्वय, समुद्री सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन में बढ़ोतरी का एक माध्यम भी है। इसलिए क्वाड के आयोजन में रूबियो की उपस्थिति साझेदारों को यही आश्वस्त करने वाली है कि वैश्विक स्तर पर विभिन्न गतिरोधों के बावजूद अमेरिका हिंद-प्रशांत को लेकर उतना ही प्रतिबद्ध है। चूंकि क्वाड एक औपचारिक गठबंधन नहीं, इसलिए यह भारत के लिए किसी खांचे में बंधे बिना ही बहुत उपयोगी प्रतीत होता है। नई दिल्ली भी इसे सामरिक छत्र प्रदान करने वाले किसी समूह के बजाय लचीली रणनीतिक साझेदारी के रूप में ही देखती है। यह अंतर इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि क्वाड भारत को अपनी विदेश नीति स्वायत्तता से समझौता किए बिना ही रक्षा प्रौद्योगिकी, समुद्री सहयोग और भू-राजनीतिक समन्वय के अवसर प्रदान करता है।

क्वाड बैठक की मेजबानी से कुछ दिन पहले ही भारत ने ब्रिक्स विदेश मंत्रियों से जुड़ा आयोजन भी किया था। ब्रिक्स में अब पारंपरिक सदस्यों के साथ ईरान जैसे देश भी शामिल हैं। कुछ जानकारों के लिए दोनों स्तरों पर भारत की यह भागीदारी विरोधाभासी लग सकती है, लेकिन वास्तव में यह भारत की समकालीन विदेश नीति की तार्किकता को ही प्रदर्शित करती है, जो किसी एक रेखा में चलने के बजाय बहुस्तरीय सक्रियता को वरीयता देती है। वैसे भी ब्रिक्स के माध्यम से भारत के कई उद्देश्य पूरे होते हैं।

वैश्विक दक्षिण की एक मुखर आवाज के रूप में भारत के कद को मजबूत बनाते हुए यह सहभागिता रूस के प्रति रणनीतिक सहयोग को दृढ़ता प्रदान करती है और बहुध्रुवीय अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूती देती है। ब्रिक्स भारत को वैश्विक शासन सुधार और आर्थिक पुनर्गठन पर बहस को आकार देने के लिए भी एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। पश्चिम पर भारत की निर्भरता घटाता है। वस्तुतः ये दोनों साझेदारियां असंगति नहीं, अपितु रणनीतिक समायोजन अधिक है।

स्पष्ट है कि प्रतिस्पर्धी शक्ति केंद्रों के बीच भारत अपने प्रभाव को अधिकतम करने का प्रयास कर रहा है। देखा जाए तो ब्रिक्स और क्वाड की बैठकों की निकटता कोई संयोग नहीं, बल्कि प्रतिकूल भू-राजनीतिक मंचों के बीच भारत की सहजता से कार्य करने की क्षमताओं को दर्शाती है। संतुलन साधने की यह कवायद भी जटिलताओं से मुक्त नहीं है। जहां वाशिंगटन रूस और चीन से संबंधित मुद्दों पर भारत से अधिक समन्वय की अपेक्षा करता है। वहीं, भारत आर्थिक वास्तविकता, रक्षा निर्भरता और सुरक्षा चिंताओं के स्तर पर अपने हित सुरक्षित करने की कवायद में इसे लेकर भी सतर्क रहता है कि कहीं मास्को या बीजिंग इसे गलत अर्थों में न लें।

वापस रूबियो की यात्रा की बात करें तो इसे वैश्विक राजनीति में एक व्यापक पुनर्संयोजन के तौर पर देखा जाना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं कि तकनीकी आधुनिकीकरण, रक्षा परिवर्तन और आर्थिक विकास के लिए भारत को अमेरिका की आवश्यकता है, लेकिन भारत किसी खेमे से एकतरफा जुड़ाव न रखने को लेकर भी उतना ही दृढ़ है। इस संदर्भ में रूबियो की यात्रा भारत की समकालीन रणनीतिक पहचान को ही प्रदर्शित करती है।

नई दिल्ली अब केवल शक्ति समीकरणों को ही नहीं साध रही, अपितु ध्रुवीकृत दुनिया में वैश्विक परिणामों को आकार देने के लिए संबंधों, संस्थानों और अपेक्षाओं के स्तर पर भी संतुलन बना रही है। ऐसे में रूबियो के दौरे की सफलता बड़ी-बड़ी घोषणाओं से अधिक इस पर निर्भर करेगी कि दोनों पक्ष एक दूसरे की रणनीतिक आवश्यकताओं को किस प्रकार संबोधित करेंगे। विशेष रूप से भारत के इस रुख को देखते हुए कि वह नए दौर के शीत युद्ध में किसी खेमे का हिस्सा बनने के बजाय भावी बहुध्रुवीय ढांचे में स्वयं को एक स्वायत्त ध्रुव के रूप में देखता है।

## स्वास्थ्य समाचार

# सौंफ और इलायची से आपको मिलते हैं कई फायदे

इलायची और सौंफ इन दोनों को ही आपने अपने मुंह की दुंगध को दूर करने के लिए लोगों को खाते देखा होगा। लेकिन आपको बता दें कि इन दोनों का आपकी सेहत पर गहरा असर पड़ता है। ये दोनों ही आपको उच्चतम स्वास्थ्य प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सौंफ के अंदर पोटेशियन, आयरन, कैल्शियम व अन्य कई तत्व पाए जाते हैं। वहीं इलायची कैल्शियम, मैग्निशियम, पोटैशियम की मात्रा पाई जाती है।



### पेट संबंधी रोगों को दूर करने में सहायक

आपको बता दें कि सौंफ और इलायची को पानी में उबालकर पीने से आपको पेट संबंधी रोगों में फायदा मिलता है। जिन लोगों को कब्ज, गैस, भूख न लगना, जी मिचलाना व पेट में दर्द और पेट में ऐंठन की समस्या होती है उनके लिए सौंफ व इलायची का पानी खासकर लाभकारी होता है।

### वजन को तेजी से करें कंट्रोल

मोटापे की समस्या में आप सौंफ व इलायची की चाय पी सकते हैं। इस चाय से आप अपने वजन को कुछ ही दिनों में कंट्रोल कर लेंगे। दरअसल सौंफ में फाइबर व इलायची में एंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर से फैट कम करता है। सुबह उठकर आप इन दोनों को मिलाकर चाय पी सकते हैं।

### पीरियड्स के दौरान आराम मिलता है

सौंफ व इलायची में विटामिन, आयरन और पोटैशियम पाए जाते हैं। महिलाओं में पीरियड्स के अनियमित होने की समस्या को ये ठीक करता हैं। इसके साथ ही पीरियड्स के समय होने वाले दर्द को भी कम करने में मददगार होता है।

### आंखों के लिए फायदेमंद

सौंफ और इलायची के पानी में ऐसे कई तत्व होते हैं जो आपकी आंखों को लंबे समय तक स्वस्थ रखते हैं। सौंफ व इलायची की चाय पीने से आपको आंखों में जलन नहीं महसूस होती है। साथ ही ये आंखों की रोशनी को भी बेहतर करता है।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है बेहतर

नियमित रूप से सौंफ व इलायची का पानी पीने से आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी की इम्यून सिस्टम बेहतर होता है। इसकी वजह से आप सर्दियों में गले दर्द, सर्दी जुकाम, बुखार, खांसी आदि बीमारियों की चपेट में नहीं आते हैं। इससे आपको इंफेक्शन होने का खतरा भी कम होता है।

### कैसे पीएं सौंफ व इलायची का पानी

सौंफ व इलायची के पानी को आप दो तरह से पी सकते हैं। एक तो आप सौंफ व इलायची को पानी में डालकर रात भर रख दें। इसके बाद आप इस पानी का सेवन कर सकते हैं।

# तलने के बजाय उबालकर खाएं मूंगफली सेहत को मिलेंगे यह जबरदस्त फायदे

मूंगफली खाना लगभग सबको पसंद होता है। सर्दियों के मौसम में मूंगफली खाने का मजा ही अलग है। आपने भुनी या तली हुई मूंगफली तो जरूर खाई होगी। लेकिन, क्या आपने कभी मूंगफली को उबालकर खाया है? उबली हुई मूंगफली न सिर्फ खाने में स्वादिष्ट होती है, बल्कि सेहत के लिए भी फायदेमंद होती है। इमसें प्रोटीन, नैचुरल शुगर, आयरन, फोलेट, कैल्शियम और जिंक जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं। अमेरिकन केमिकल सोसायटी के रिसर्च के मुताबिक, मूंगफली को उबालकर खाने से इसमें मौजूद पोषक तत्वों के फायदे 4 गुना और बढ़ जाते हैं। उबली हुई मूंगफली को आप स्नैक्स के तौर पर खा सकते हैं या सुबह के नाश्ते में इसका सेवन कर सकते हैं। मूंगफली को उबालकर खाने से सेहत को कई फायदे मिलते हैं।



**वेट लॉस में मददगार :** मूंगफली को उबालकर खाने से वजन कम करने में मदद मिलती है। अगर आप वजन कम करना चाहते हैं, तो उबली हुई मूंगफली खा सकते हैं। दरअसल, उबली हुई मूंगफली में फाइबर काफी मात्रा में मौजूद होता है। इससे मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और शरीर में जमा अतिरिक्त चर्बी कम होती है। इसके साथ ही उबली हुई मूंगफली खाने से आंतों की सफाई होती है।

**जोड़ों में दर्द से राहत :** उबली हुई मूंगफली को गुड़ के साथ खाने से जोड़ों के दर्द में राहत मिलती है। मूंगफली और गुड़ में कैल्शियम होता है, जिससे हड्डियां मजबूत बनती है। मूंगफली को उबालकर खाने से जोड़ों और हड्डियों में दर्द की शिकायत दूर होती है। अर्थराइटिस के मरीजों के लिए उबली मूंगफली का सेवन काफी फायदेमंद होता है।

**आंखों की रोशनी बढ़ाए :** उबली हुई मूंगफली का सेवन हमारी आंखों के लिए भी फायदेमंद होता है। मूंगफली को उबालकर खाने से आंखों की रोशनी बढ़ती है। दरअसल, मूंगफली में विटामिन ए और विटामिन बी6 होता है, जो आंखों के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। सर्दियों में सुबह उबली हुई मूंगफली खाएं, इससे आपकी आंखें स्वस्थ रहेंगी।

**दिल को स्वस्थ रखे :** उबली मूंगफली का सेवन हमारे हृदय के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी होता है। मूंगफली को उबालने से उसमें एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा बढ़ जाती है। उबली मूंगफली में पॉलीफेनॉलिक एंटीऑक्सिडेंट और रेस्वेराट्रॉल होता है, जो दिल को स्वस्थ रखने में मददगार है। मूंगफली को उबालकर खाने से शरीर में नाइट्रिक ऑक्साइड ज्यादा बनने लगता है, जिससे हार्ट अटैक और दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है।

**शरीर में खून की कमी नहीं होती :** उबली हुई मूंगफली खाने से एनीमिया की शिकायत दूर होती है। दरअसल, मूंगफली में आयरन काफी मात्रा में होता, जो शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ाता है। मूंगफली को उबालकर खाने से शरीर में खून की कमी नहीं होती है। इसके साथ ही, मूंगफली में मौजूद पोषक तत्वों से शरीर को ऊर्जा मिलती है। इससे व्यक्ति दिनभर एनर्जेटिक महसूस करता है।

# खुजली से छुटकारा पाने के लिए अपनाएं यह घरेलू उपाय

खुजली कई बार व्यक्ति को काफी परेशान कर देती हैं। एक बार खुजली होनी शुरू हो जाएं, तो आसानी से बंद नहीं होती हैं। कई बार खुजली की परेशानी होने पर लोग शर्मिंदगी की वजह से कई बार खुजली भी नहीं कर पाते हैं। कई बार ज्यादा खुजली होने के कारण रैशेज की समस्या से हो सकती हैं। ऐसे में खुजली की समस्या को दूर करने के लिए कई लोग दवाइयों का सेवन शुरू कर देते हैं। कई बार ये दवाइयां शरीर के लिए हानिकारक हो सकती हैं।



**एप्पल साइडर विनेगर :** एप्पल साइडर विनेगर शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। एप्पल साइडर विनेगर का इस्तेमाल करने के लिए एक कप गुनगुने पानी में एक चम्मच एप्पल साइडर विनेगर को मिलाएं। अब रूई की सहायता से इस मिश्रण को प्रभावित एरिया पर लगाएं। उसके 5 मिनट बाद उस एरिया को नॉर्मल पानी से वॉश करें।

**नारियल का तेल :** नारियल का तेल शरीर के लिए बहुत हेल्दी होता है। इसे शरीर पर लगाने से स्किन को पोषण मिलने के साथ से स्किन चमकदार भी बनती है। खुजली होने पर नारियल का तेल इस्तेमाल करने के लिए नारियल के तेल को हल्का सा गर्म कर लें। अब इस तेल को खुजली वाली जगह पर इसे लगा लें। ऐसा करने से खुजली में आराम मिलेगा।

**एलोवेरा जेल :** एलोवेरा जेल स्किन संबंधी परेशानियों को दूर करके स्किन को हेल्दी बनाने में मदद करता हैं। एलोवेरा जेल का इस्तेमाल करने के लिए खुजली वाली जगह पर एलोवेरा जेल को लगाएं। आधे घंटे बाद जगह को नॉर्मल पानी से वॉश करें। ऐसा करने से स्किन को पोषण मिलने के साथ इंफेक्शन दूर करने में मदद मिलेगी।

**नीम :** नीम शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसमें पाए जाने वाला एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण खुजली दूर करने के साथ रैशेज की समस्या को भी दूर करेंगे। नीम का इस्तेमाल करने के लिए इसकी पत्तियों को पीस कर पेस्ट बना लें। अब इस पेस्ट को खुजली वाली जगह पर 5 से 10 मिनट तक लगा के रखें। उसके बाद नॉर्मल पानी से वॉश करें।

**नींबू :** नींबू स्किन की खुजली को दूर करने में मदद करता है। इसमें पाए जाने वाले एंटीबैक्टीरियल गुण स्किन संबंधई परेशानियों को दूर करता हैं। खुजली को दूर करने के लिए नींबू के रस का इस्तेमाल करने के लिए एक नींबू के रस को कटोरी में निकाल लें। अब इस रस को रूई की मदद से प्रभावित जगह पर लगाएं। उसके बाद स्किन को 5 मिनट बाद नॉर्मल पानी से वॉश कर लें।

## आज का राशिफल

**मेष**
घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। अज्ञात भय रहेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**वृष**
चोट व रोग से परेशानी संभव है। आराम तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे। यश बढ़ेगा। व्यापार वृद्धि होगी। नई योजना बनेगी जिसका तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। विरोधी सक्रिय रहेंगे। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। प्रमाद न करें।

**मिथुन**
किसी अपने के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शत्रु पस्त होंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल होंगे। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी।

**कर्क**
शत्रु पस्त होंगे। सुख के साधन जुटेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पराक्रम बढ़ेगा। लंब समय से रुके कार्य सहज रूप से पूर्ण होंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। शेयर मार्केट में सफलता मिलेगी। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**सिंह**
घर के सदस्यों के स्वास्थ्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी सहयोग करेंगे।

**कन्या**
वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। पुराना रोग परेशानी का कारण रह सकता है। दूसरों के कार्य में दखल न दें। बड़ों की सलाह मानें। लाभ होगा। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। धैर्य रखें।

**तुला**
शारीरिक कष्ट संभव है तथा तनाव रहेंगे। सुख के साधन प्राप्त होंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक**
आंखों का ख्याल रखें। अज्ञात भय सताएगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन आ सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। लॉटरी व सट्टे से दूर रहें। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नौकरी में प्रमोशन प्राप्त हो सकता है।

**धनु**
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। विवाद से क्लेश होगा। दूसरों के उकसाने में न आएं। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। आय में निश्चितता रहेगी। कोई बड़ी समस्या आ सकती है। धैर्य रखें।

**मकर**
प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बेवजह कहासुनी हो सकती है। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मियों का साथ मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें।

**कुंभ**
शत्रु हानि पहुंचा सकते हैं। दु:खद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। लाभ के अवसर हाथ से निकलेंगे। बेवजह कहासुनी हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**मीन**
धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कुबुद्धि हावी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों से संबंध सुधरेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है।

# भीषण गर्मी में सावधान रहें, हर घंटे पानी पीना जरूरी

## पक्षियों के लिए लगाए परिंडे

श्रवण सारस्वत



**रींगस ( नवयत्न )।** लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी एवं हीटवेव को देखते हुए उप जिला चिकित्सालय रींगस द्वारा आमजन से विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है। इसी क्रम में अस्पताल परिसर में पक्षियों के लिए पानी के परिंडे भी लगाए गए, ताकि गर्मी के इस मौसम में बेजुबान पक्षियों को भी राहत मिल सके।

एसडीएच रींगस के पीएमओ एवं एमडी जनरल मेडिसीन विशेषज्ञ डॉ जितेन्द्र सिंह निठारवाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में केवल प्यास लगने पर पानी पीना पर्याप्त नहीं है। शरीर लगातार पानी खोता रहता है, इसलिए हर व्यक्ति को नियमित अंतराल पर हर घंटे पानी पीने की आदत अपनानी चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से किसान, मजदूर, दुकानदार, ट्रैफिक पुलिसकर्मी एवं धूप में काम करने वाले लोगों को अधिक सावधानी बरतने की सलाह दी। साथ ही ओआरएस, छाछ, नींबू पानी, सत्तू, बेल का शरबत एवं नारियल पानी जैसे पेय पदार्थों के सेवन को लाभकारी बताया। डॉ निठारवाल ने कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक तेज धूप में निकलने से बचें, हल्के सूती कपड़े पहनें, सिर ढककर रखें तथा बच्चों, बुजुर्गों एवं गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने आमजन से अपील की कि गर्मी के इस मौसम में अपने घरों एवं आसपास पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था अवश्य करें। स्थानीय लोगों ने भी अस्पताल परिसर में लगाए गए पानी के परिंदों की सराहना करते हुए इसे एक सकारात्मक एवं प्रेरणादायक पहल बताया। इस दौरान डॉक्टर प्रकाश धायल, डॉ अविकेश अग्रवाल, नर्सिंग ऑफिसर मोतीराम, फूलचंद यादव, ताराचंद, पोखर मल काजला, मनोरी सुंडा, अजय धायल सहित अन्य मौजूद थे।

# अहिंसा और शाकाहार के प्रचार के लिए सजेगी 12 दिवसीय धार्मिक यात्रा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** भगवान महावीर के सिद्धांतों, अहिंसा और शाकाहार के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने के लिए इस वर्ष भी श्री दिगंबर जैन पद यात्रा संघ, जयपुर के तत्वावधान में 12 दिवसीय भव्य धार्मिक बस यात्रा का आयोजन होने जा रहा है। 17 से 28 जून 2026 तक आयोजित होने वाली इस विशेष यात्रा के बहुरंगीय पोस्टर का भव्य विमोचन जनता कॉलोनी स्थित दिगंबर जैन मंदिर में किया गया।

पोस्टर विमोचन सुप्रसिद्ध दिगंबर जैन आचार्य सुंदर सागर महाराज एवं आचार्य शशांक सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में आयोजित धर्मसभा के दौरान संपन्न हुआ। वर्ष 1986 में स्थापित श्री दिगंबर जैन पद यात्रा संघ पिछले कई दशकों से धार्मिक यात्राओं के माध्यम से जैन संस्कृति की रक्षा और धर्म प्रभावना के कार्य में समर्पित है। इस अवसर पर संघ के संरक्षक सुभाष चंद जैन के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने आचार्य संघ को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। संरक्षक सुभाष चंद जैन ने बताया कि यह 12 दिवसीय यात्रा मात्र एक भ्रमण नहीं, बल्कि भक्ति, साधना, तीर्थ दर्शन और आत्मिक उन्नति का एक अनुपम संगम होगी। यात्रा का मुख्य उद्देश्य भगवान महावीर के मूल सिद्धांतों और शाकाहारी जीवन शैली का प्रचार.प्रसार करना है। संघ के संयोजक सूर्य प्रकाश छाबड़ा ने बताया कि 12 दिनों की इस साधना यात्रा के दौरान विभिन्न तीर्थों पर भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, सामूहिक पूजा-अर्चना और भावपूर्ण पर्वत वंदना की जाएगी। इसके साथ ही मार्ग में और तीर्थों पर विराजमान दिगंबर जैन साधु.संतों के दर्शन और उनके मंगल प्रवचनों का लाभ भी तीर्थयात्रियों को मिलेगा। पोस्टर विमोचन के इस मांगलिक अवसर पर संघ के मुख्य संयोजक सुरेश ठोलिया, संयोजक सूर्य प्रकाश छाबड़ा, अमरचंद दीवान खोराबीसल, सुनील चौधरी, मैना गंगवाल, मनीष लुहाड़िया, राजेंद्र जैन, जिनेन्द्र जैन सहित कार्यकारिणी के अनेक सदस्य और बड़ी संख्या में श्रावक.श्राविकाएं उपस्थित थे।

# अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली व ट्रेलर जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** मेहाड़ा पुलिस ने अवैध खनन पर कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्राली व ट्रेलर को जब्त किया गया है। इस दौरान पुलिस ने दो ड्राइवर को भी गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी राममनोहर ठोलिया ने बताया कि पुरानी पुलिस चौकी निजामपुर रोड के सामने आम सड़क मेहाड़ा-खेतड़ी पर नाकाबंदी शुरू की गई। नाकाबंदी के दौरान एक बिना नंबरी ट्रेक्टर ट्रोली व एक ट्रेलर के बजरी से भरा हुआ आया, जिनके ड्राइवर को रोकने का ईशारा देकर रूकवाया। इस दौरान जब दोनों ड्राइवर से नाम पता पुछा तो उसने अपना नाम नागंलिया गुजरवास निवासी लालचंद व दूसरे ने अपना नाम ढाणी लगरिया वाली तन चिरानी निवासी शीशराम थाना मेहाड़ा होना बताया। पुलिस ने दोनों ड्राइवर लालचंद व शीशराम से ट्रेक्टर ट्रोली व ट्रेलर में भरी बजरी के संबंध में रॉयल्टी व अनुज्ञा पत्र के बारे में पुछताछ की तो कुछ नहीं होना बताया। जिस पर पुलिस ने अवैध खनन कर चोरी कर ले जाने पर बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्राली व ट्रेलर को जब्त कर दोनों ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया। खेतड़ी के खनन क्षेत्र में अवैध रूप से खनन होने को लेकर ग्रामीणों की ओर से प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है लेकिन खनन क्षेत्र हरियाणा सीमा से सटा होने के कारण अवैध रूप से खनन कर राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। इस दौरान टीम में थानाधिकारी राममनोहर ठोलिया, एचसी अमरचंद, कांस्टेबल रोहिताश, देशराज, होशियार सिंह आदि शामिल थे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 50 दिवसीय काउंटडाउन कार्यक्रम आयोजित

निसं




**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के गौरीर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुष विभाग एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर गौरीर के संयुक्त तत्वावधान में 50 दिवसीय काउंटडाउन योगाभ्यास कार्यक्रम का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया है। यह अभियान 20 जून तक प्रतिदिन तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम पंचायत क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नियमित योगाभ्यास कराया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। योग प्रशिक्षक अभिमन्यु शर्मा एवं अनिता कुमारी के निर्देशन में प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास करवाया जा रहा है। आयुर्वेद चिकित्सक मनोज कुमार मीणा एवं आयुर्वेद नर्सिंग ऑफिसर कँवर सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक प्रभावी पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, मानसिक तनाव कम होता है तथा व्यक्ति ऊर्जावान एवं निरोगी जीवन व्यतीत कर सकता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवनशैली में योग मन, शरीर और आत्मा के संतुलन का सशक्त माध्यम बनकर उभरा है।

इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। ग्राम पंचायत क्षेत्र में चल रहे इस योग अभियान को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। बड़ी संख्या में लोग प्रतिदिन योगाभ्यास में भाग लेकर स्वस्थ जीवन एवं जनजागरूकता का संदेश दे रहे हैं।

# ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

निसं



**चूरू ( नवयत्न )।** चूरू के अग्रसेन नगर रेल्वे फाटक के पास दर्दनाक हादसा हुआ है जहाँ रेवाड़ी-जोधपुर एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी थाना के एएसआई हरफूल स्वामी मौके पर पहुंचे और हादसे की जानकारी जुटा शव को कब्जे में लिया और एम्बुलेंस की सहायता से शव को राजकीय भर्तिया अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक की पहचान रामगढ़ निवासी राखी के रूप में हुई है जीआरपी पुलिस को मौके से मृतका का एक मोबाइल फोन और पर्स मिला है युवती चूरू कैसे आयी और कहा जा रही थी इसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। वही हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और ट्रेन भी हादसे के चलते देरी से रवाना हुई। पुलिस के ट्रैक क्लियर करवाने के बाद ट्रेन को रवाना किया गया।

## शिक्षिका एवं साहित्यकार नीलम मुकेश वर्मा पर जारी हुआ डाक टिकट




संजय सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले की शिक्षिका एवं साहित्यकार नीलम मुकेश वर्मा को साहित्य और शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विशेष सम्मान मिला है। उनके सम्मान में भारतीय डाक विभाग द्वारा माय स्टैम्प योजनांतर्गत स्मारक डाक टिकट जारी किया गया है। इस उपलब्धि से साहित्य जगत एवं शिक्षा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। नीलम मुकेश वर्मा लंबे समय से शिक्षा के साथ साहित्य सृजन में सक्रिय हैं। उनकी रचनाएं विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रही हैं तथा उन्होंने समाज में शिक्षा और साहित्य के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डाक टिकट जारी होने पर साहित्यकारों, शिक्षकों एवं सामाजिक संगठनों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे झुंझुनूं जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। इस अवसर पर अनेक लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर साहित्य साधना की कामना की।

## मॉनिटरिंग के अभाव में अभयारण्य परिसर में चर रहे हैं आवारा पशु



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय मरूदेश संस्थान के अध्यक्ष डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने राज्य के वन मंत्री, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, जिला कलक्टर और उप वन संरक्षक चूरू को अलग-अलग पत्र लिखकर ताल छापर अभयारण्य के कृष्ण मृगों को पालतू मवेशियों से होने वाले संक्रमित रोग मुंह खुरपका-मुंहपका एफ एम डी होने की आशंका व्यक्त की हैं। पत्र में डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने लिखा कि ताल छापर अभयारण्य में मॉनिटरिग के अभाव में सैंकड़ों मवेशी जिसमें गाय, भैंस, बकरी आदि अभयारण्य परिसर में दिन भर चरते हैं। यदि किसी भी मवेशी को यह रोग हुआ, तो यह बहुत शीघ्रता से कृष्ण मृगों में फैल सकता हैं। जिससे इन निरीह वन्य जीवों पर मौत का खतरा मंडरा रहा है। क्योंकि यह रोग पशुओं की लार से फैलता हैं। संक्रमित पशु की लार चरने वाली घास पर लगती है और वहां जब कृष्ण मृग यह घास चरेगा, तो निश्चित ही वो इस संक्रमण से बच नहीं सकता। पत्र में उल्लेख किया गया कि ताल छापर अभयारण्य के विकास हेतु सरकार करोड़ों रूपये खर्च कर रही है वहीं उसी परिसर में पशुओं की चराई होना विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की असंवेदनशीलता और निरीह वन्य जीवों के प्रति अनदेखी का द्योतक हैं। डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने मांग की हैं कि एक महामारी से कृष्ण मृगों की सुरक्षा के लिए आवारा पशुओं के चरने और विचरण पर प्रतिबंध लगाया जाये। साथ ही कृष्ण मृगों की सुरक्षा के लिए बेहतरीन मॉनिटरिग की जानी सुनिश्चित हो।

## डॉ अरुण शर्मा को राज्य स्तरीय सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** गत दिनों ट्रेन्ड नर्सेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा जयपुर में आयोजित सम्मान समारोह में स्थानीय श्री बालाजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के एडमिन ऑफिसर डॉ. अरुण शर्मा को स्टेट लेवल एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा गया। शर्मा को यह सम्मान नर्सिंग शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारों का सृजन करने एवं उत्कृष्ट योगदान देने पर दिया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेड़म, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरुण चतुर्वेदी, टी एन ए आई की राष्ट्रीय अध्यक्ष एनी कुमार एवं टी एन ए आई राजस्थान शाखा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ जोगेन्द्र शर्मा मौजूद रहे।

## न्यायिक मजिस्ट्रेट जयश्री का किया स्वागत

नंदलाल गौड़

**लोसल ( नवयत्न )।** अभिभाषक संघ धोद की ओर से वकीलों ने सिविल न्यायालय धोद में नव पदस्थापित न्यायिक मजिस्ट्रेट जयश्री लंबोरिया का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। एडवोकेट रवि जांगिड़ ने बताया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट लम्बोरिया ने धोद में सिविल न्यायालय में न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर पदभार ग्रहण किया है! इस अवसर पर अभिभाषक संघ धोद के अध्यक्ष राम रतन बगड़िया, सचिव कमल कुमार एडवोकेट भरत बाजिया, बार एसोसिएशन धोद के संयुक्त सचिव एडवोकेट रवि कुमार जांगिड़, एडवोकेट, एडवोकेट रमेश खोखर एरविंद्र बगड़िया, एडवोकेट धर्मेंद्र जाजोरिया, जुनियर लोक अभियोजक राजकुमार बुगालिया सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित थे।



## संडे स्पेशल : पुलिसकर्मियों को तनावमुक्त और सेहतमंद रखने के लिए राजस्थान पुलिस की अनूठी पहल

### संडे को होगा योगा, जुम्बा और साइकिलिंग का धमाल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** युवाओं और आमजन में फिटनेस व स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार रविवार को राजस्थान में संडेज ऑन साइकिल अभियान का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों की निरंतरता में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस आर्म्ड बटालियन एवं मुख्य खेल अधिकारी राजस्थान पुलिस रुपिंदर सिंघ द्वारा प्रदेश की सभी जिला पुलिस इकाइयों, बटालियनों और प्रशिक्षण संस्थानों को तैयारियां पूर्ण करने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

### योगा से लेकर साइकिलिंग तक, संडे सुबह होगा सेहत के नाम

इस अनूठी पहल के अंतर्गत राजस्थान की सभी बटालियनों, जिला पुलिस यूनिटों, राजस्थान पुलिस अकादमी और विभिन्न पुलिस ट्रेनिंग सेंटर्स में रविवार की सुबह विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा के अनुसार, संडे की सुबह को बेहद ऊर्जावान बनाने के लिए सबसे पहले योगा का सत्र होगा। इसके बाद जवानों में जोश भरने के लिए जुम्बा डांस, रोप स्किपिंग रस्सी कूदना और अंत में साइकिलिंग को प्रमोट किया जाएगा। इस कसरत और मनोरंजन के मिश्रण से पुलिसकर्मियों को अपनी व्यस्त दिनचर्या से हटकर कुछ पल खुद के लिए जीने का मौका मिलेगा।

### राष्ट्रमंडल खेल थीम और वर्ष 2030 की मेजबानी का जश्न

मुख्य खेल अधिकारी रुपिंदर सिंह ने बताया कि यह विशेष आयोजन फिट इंडिया मूवमेंट और खेलो इंडिया अभियान के तहत किया जा रहा है। सबसे खास बात यह है कि इस बार संडेज ऑन साइकिल का आयोजन राष्ट्रमंडल खेल थीम पर किया जा रहा है। वर्ष 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी के लिए भारत की सफल दावेदारी के बाद यह आयोजन और अधिक गौरवमयी बन गया है। इस अभियान के माध्यम से न केवल पुलिसकर्मियों को तनावमुक्त रखा जाएगा, बल्कि देश की खेल संस्कृति को मजबूत करने का संदेश भी आमजन तक पहुंचाया जाएगा। यह विशेष स्वास्थ्य एवं खेल कार्यक्रम आमतौर पर सुबह 6 बजे से प्रारंभ होकर 7:30 बजे तक संचालित किया जाएगा। हालांकि, विभिन्न जिलों और बटालियनों को स्थानीय मौसम व स्टाफ की सहूलियत के अनुसार समय में आंशिक बदलाव जैसे सुबह 6:15 या 6:30 बजेद्ध करने की छूट दी गई है। पुलिस मुख्यालय ने निर्देश दिए हैं कि आयोजन के दौरान आने वाली खूबसूरत तस्वीरों और वीडियो को राजस्थान पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स पर प्रमुखता से साझा किया जाए, ताकि जनजागरूकता का यह सकारात्मक संदेश अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे ताकि आमजन भी अपनी सेहत के प्रति जागरूक हो सके।

## बकरा मंडी में हंगामा : सड़क खाली कराने पहुंचे आरएसी जवानों और पुलिस टीम से भीड़ ने की धक्का-मुक्की

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के दिल्ली रोड स्थित बकरा मंडी में शुक्रवार रात उस समय माहौल गरमा गया, जब मुख्य सड़क पर यातायात सुचारू कराने पहुंचे राजस्थान आर्म्ड कॉन्स्टेबुलरी के जवानों और पुलिस टीम के साथ कुछ युवकों और भीड़ ने अभद्रता व धक्का.मुक्की कर दी। हालांकि, मौके पर मौजूद गलतागेट थाना पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए स्थिति को नियंत्रण में लिया और भीड़ को खदेड़ दिया। बताया जा रहा है कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे दिल्ली रोड पर मुख्य सड़क के किनारे बकरा बेच रहे लोग अचानक सड़क के बीचों-बीच आ गए, जिससे वहां जाम की स्थिति बनने लगी। मौके पर कानून-व्यवस्था और यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए तैनात आरएसी के जवानों ने जब भीड़ को पीछे हटने और सड़क खाली करने के लिए कहा, तो कुछ असामाजिक तत्व और युवक भड़क गए। देखते ही देखते भीड़ ने जवानों को घेर लिया और उनके साथ बदतमीजी व धक्का-मुक्की शुरू कर दी।

### बीच-बचाव करने उतरी चेतक टीम से भी बदसलूकी

जिस समय यह हंगामा चल रहा था, वहीं से गलतागेट थाने की पुलिस गश्ती गाड़ी चेतक गुजर रही थी। सड़क पर आरएसी जवानों के साथ हो रही धक्का-मुक्की को देख चेतक में तैनात पुलिसकर्मी तुरंत बीच-बचाव करने पहुंचे। लेकिन उग्र हो रही भीड़ ने मर्यादा भूलकर बीच.बचाव कर रहे पुलिसकर्मियों के साथ भी जमकर अभद्रता और बदतमीजी की।

### वीडियो फुटेज से होगी आरोपियों की पहचान

हंगामा बढ़ता देख गलतागेट थाना पुलिस के अतिरिक्त जवानों ने तुरंत कड़ा रुख अपनाया और सूझबूझ से काम लेते हुए भीड़ को तितर-बितर कर स्थिति को पूरी तरह काबू में किया। पुलिस टीम ने इस पूरी घटना और झड़प का वीडियो बना लिया है। गलतागेट थाना प्रभारी के अनुसार, अत्यधिक भीड़भाड़ वाले संवेदनशील इलाकों में अक्सर इस तरह की कहासुनी की स्थिति बन जाती है। फिलहाल पुलिस वीडियो साक्ष्यों के आधार पर राजकार्य में बाधा डालने और अभद्रता करने वाले युवकों की पहचान कर रही है, जिसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## प्रवासी अग्रवाल ने गो चिकित्सालय सौंथली में दिया सहयोग

रामावतार सोनी



**बुगाला ( नवयत्न )।** सौंथली निवासी व हैदराबाद प्रवासी समाजसेवी सांवरमल पुत्र हनुमान प्रसाद अग्रवाल ने अपना कर्म गो चिकित्सालय सौंथली में सेवा कार्यों के लिए 11 हजार रुपए का सहयोग प्रदान किया। यह राशि चिकित्सालय परिसर में असहाय व अपंग गोवंश हेतु छत पंखे लगाने के लिए भेंट की गई। गो चिकित्सालय से जुड़े अरविंद अग्रवाल व कार्यकर्ताओं ने बताया कि गर्मी के मौसम में पशुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चिकित्सालय में पंखों की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। ऐसे में भामाशाह अग्रवाल द्वारा दिया गया सहयोग सराहनीय है। गोभक्तों एवं ग्रामीणों ने अग्रवाल के इस सेवा भाव की प्रशंसा करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रवासी भामाशाहों के सहयोग से गो सेवा कार्यों को निरंतर मजबूती मिल रही है।

## तेज अंधड़ से एक दर्जन से अधिक विद्युत पोल टूटे

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र में शनिवार को बादल छाए रहने से तेज धूप से लोगों को राहत मिली। गत कई दिनों से क्षेत्र के लोग तेज धूप व लूं से परेशान थे। लेकिन शनिवार सुबह 10 बजे बाद आसमान में बादल व तेज हवा चलने से तथा हल्की बूंदाबांदी होने से जहां एक ओर गर्मी से राहत मिली। वहीं तहसील के ग्राम नूवां में तेज अंधड़ चलने से एक दर्जन से अधिक विधृत पोल टूट गये, जिससे ग्राम में विद्युत सप्लाई की समस्या भी हो गई।

# पर्यटकों के लिए खास है राजस्थान

# शेखावाटी क्षेत्र की हवेलियां





राजस्थान का शेखावाटी क्षेत्र सीकर, झुंझुनूं और चुरू जिलों को अपने में समेटे हुए है। राजस्थान के पर्यटन मानचित्र पर विशेष स्थान रखने वाला यह क्षेत्र अपनी हवेलियों की वास्तुकला के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। यहां की विभिन्न रंगों की हवेलियां आर्ट गैलरी जैसी लगती हैं। यहां स्थित कई हवेलियां अपनी विशालता और भित्ति चित्रकारी के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध हैं। इसके अलावा पहाड़ों में सुरम्य जगहों पर बने जीण माता मंदिर, शाकम्बरीदेवी का मंदिर, खाटू में बाबा खाटूश्यामजी का मंदिर, सालासर में हनुमान जी का मंदिर, कंकडेऊ कलां में बाबा माननाथ की मेडी आदि स्थानों पर बड़ी संख्या में सालभर विभिन्न पर्वों और अन्य अवसरों पर श्रद्धालु उमड़ते हैं। शेखावाटी क्षेत्र जहाँ देश के लिए अपने प्राणों को बलिदान करने वाले फौजियों के लिए प्रसिद्ध है वहीं इस क्षेत्र ने देश को कई बड़े उद्योगपति भी दिये हैं।

**शेखावाटी क्षेत्र की विशेषताएं :** राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र में हवेली शिल्प और भित्ति चित्रकला पर्यटकों के लिए अद्भुत आकर्षण है। यहां की हवेलियां, मंदिर और छतरियां अपनी स्थापत्य शिल्पकला तथा दीवारों की रंगीन चित्रकारी से अत्यंत लुभावनी लगती हैं। ये हवेलियां और छतरियां दशकों पूर्व इस इलाके के व्यवसायी वर्ग द्वारा बनवाई गई थीं। चुरू, सीकर, झुंझुनूं जिलों का इलाका शेखावाटी कहलाता है। 15वीं शताब्दी के आसपास यह इलाका राव शेखाजी के शासन में था इसलिए बाद में चलकर इलाके का नाम शेखावाटी हो गया। शेखावाटी में उत्कृष्ट दर्शनीय हवेलियों वाले कस्बों में प्रमुख झुंझुनु, मंडावा, नवलगढ़, महनसर, मुकुंदगढ़, डूंडलोद, चिड़ावा, बगड़, पिलानी, सूरजगढ़ आदि हैं। यह सभी झुंझुनुं जिले में हैं।

**हवेलियों की खासियत :** सीकर जिले में सीकर शहर के अलावा फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़, रायगढ़ की हवेलियां काफी विख्यात हैं। इसके अलावा चुरू जिले में चुरू के अलावा निकटवर्ती रतन नगर, सरदार शहर, दुधवखारा, रतनगढ़ की हवेलियां आदि दर्शनीय हैं। हवेलियों के नक्काशीदार, अलंकृत विशाल दरवाजे और खिड़कियां लोहे, तांबे और लकड़ी के बने हुए हैं। इनकी कलात्मकता देखते ही बनती है। खुले आसमान के नीचे निर्मित इन हवेलियों की कलात्मक निर्माण शैली कला प्रेमी सैलानियों को अभिभूत कर देती है। इसे शेखावाटी क्षेत्र की खुली कला दीर्घा भी कहा जा सकता है। हवेलियों की स्थापत्य कला में इनकी दीवारों के ऊपर की गई चित्रकारी हवेलियों की खूबसूरती में चार चांद लगा देती है। बाहर और अंदर वानस्पतिक, धार्मिक, ऐतिहासिक और पुराने अंग्रेजी राज के असर वाली चित्रकारी अंकित है। इस भित्ति चित्रकला के संरक्षण के प्रयास भी किए जा रहे हैं। कई व्यावसायिक घरानों ने इन हवेली शिल्प और भित्ति चित्रकला को संजो कर रखने की कोशिशें की हैं।

**हवेलियां देखने की शुरुआत कहां से करें :** हवेलियां देखने पर्यटक यदि दिल्ली से आते हैं तो उन्हें झुंझुनुं से शुरुआत करनी चाहिए। 15वीं शताब्दी में नवाबों द्वारा बनाया गया इस शहर में नरसिंह दास टिफरीबाल, ईश्वरदास, मोहनदास, मोदी व खेतानों की हवेलियां देखी जा सकती हैं। झुंझुनुं के बाद नवलगढ़ की खूबसूरत हवेलियां देखी जा सकती हैं। यहां ठहरने व खानपान के लिए लगभग हर कस्बे में अच्छी व्यवस्था है।

शेखावाटी सितंबर से नवंबर तथा फरवरी से अप्रैल माह के बीच जाना ठीक रहता है।

# पर्यटकों के लिए खास है ऋषिकेश की ये जगह




आप में से कई लोग ऐसे होंगे, जो नए साल में घूमने नहीं जा पाए होंगे, किसी का काम आ गया होगा, तो कोई भीड़ भाड़ के चलते घर में ही बोर होकर बैठ गया होगा। अगर आपके दिल और दिमाग में अभी भी घूमने की इच्छा जगी हुई है, तो चलिए इस वीकेंड दिल्ली के पास स्थित ऋषिकेश घूमने का झटपट प्लान बना लीजिए। पवित्र गंगा नदी के तट पर हिमालय की तलहटी में मौजूद, ऋषिकेश जीवन की बोरियत को दूर करने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है। देहरादून से लगभग 40किमी दूर, ऋषिकेश भारत की रोमांचक, आध्यात्मिक, योग और ध्यान की राजधानी है। इनके अलावा, शहर कुछ अविश्वसनीय विचित्र आकर्षणों का भी घर है।



### ऋषिकेश में नीरगढ़ फॉल्स

ऋषिकेश की खूबसूरत जगहों की बात हो रही है और ऐसे में हम यहां के झरनों की बात न करें, ऐसा कैसे हो सकता है। अपने परिवार और दोस्तों के साथ कुछ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए नीरगढ़ फॉल्स ऋषिकेश के छिपे हुए खजानों में से एक है। प्रकृति से घिरी ये जगह वाकई में देखने लायक है! फॉल्स का ट्रेक बद्रीनाथ हाईवे पर लक्ष्मण झूला से लगभग 3 किमी दूर है।



### ऋषिकेश में देवप्रयाग

देवप्रयाग, जिसका अर्थ है पवित्र संगम, उत्तराखंड में दो पवित्र नदियों अलकनंदा और भागीरथी का संगम है। शास्त्रों के अनुसार, देवप्रयाग पांच महत्वपूर्ण पवित्र संगमों में से एक है, जहां भागीरथी, अलकनंदा और पौराणिक नदी सरस्वती यहां गंगा में मिलती हैं। यह खूबसूरत शहर टिहरी-गढ़वाल जिले में स्थित है, जो ऋषिकेश-बद्रीनाथ राजमार्ग पर स्थित है।

### ऋषिकेश में राम झूला

अगर आपको लगता है कि ऋषिकेश में सिर्फ लक्ष्मण झूला है, तो ऐसा आप तभी सोचें जब तक आप खूबसूरत ऋषिकेश का राम झूला न देख लें। लोग यहां लक्ष्मण झूला देखने के साथ-साथ राम झूला का भी पूरा मजा लेने आते हैं। राम झूला को शिवानंद झूला के रूप में भी जाना जाता है। ये पुल एक जूट की रस्सी से बना हुआ है, जिसके बारे में माना जाता है कि इसी की मदद से भगवान राम नदी पार करते थे।

### ऋषिकेश में महर्षि महेश योगी आश्रम

ऋषिकेश में घूमने के लिए एक और प्रसिद्ध महर्षि महेश योगी का आश्रम है। आश्रम ने 1968 में वैश्विक स्तर पर तब लोकप्रियता हासिल की जब द बीटल्स (प्रतिष्ठित रॉक बैंड) यहां आए थे।

### ऋषिकेश में लक्ष्मण झूला

ऋषिकेश में सबसे विचित्र आकर्षणों में से एक लक्ष्मण झूला है गंगा नदी पर स्थित एक खूबसूरत पुल है। पुल लगभग 65 फीट की ऊंचाई पर मौजूद है और काफी मजबूत है, यहां से आप बाइक को भी जाते हुए भी देख सकते हैं। हां, पुल थोड़ा हिलता है, जिसपर चलना किसी रोमांच से कम नहीं है।

### ऋषिकेश में नीलकंठ मंदिर

यह ऋषिकेश में हिंदुओं के लिए सबसे प्रतिष्ठित पूजा स्थलों में से एक है। मंदिर ऋषिकेश से लगभग 30 किमी की दूरी पर स्वर्गाश्रम के ऊपर एक पहाड़ी पर स्थित है। ये मंदिर लोगों द्वारा थोड़ा कम देखा जाता है, लेकिन इसकी मान्यता उतनी ही है जितनी ऋषिकेश के प्रसिद्ध मंदिरों की है। गोल-गोल पहाड़ी वाले रास्तों से होते हुए इस मंदिर का रास्ता जाता है।

### ऋषिकेश में राजाजी राष्ट्रीय उद्यान

अपनी प्राकृतिक सुंदरता और समृद्ध जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध, शिवालिक रेंज की तलहटी के साथ राजाजी राष्ट्रीय उद्यान प्रकृति के प्रति उत्साही और वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक स्वर्ग है। यह पार्क उत्तराखंड और भारत में प्रमुख वाइल्डलाइफ सेंचुरी में से एक है।

# 20 या उससे अधिक उम्र वालों के लिए भारत की ये जगह खास है



वैसे तो भारत में 20 की उम्र के आसपास देखने के लिए काफी चीजें हैं, लेकिन आपने कभी इन चीजों का अनुभव लिया है, जिन्हें करने के लिए लोग अक्सर मरते हैं।

**कसोल में कैंपिंग :** हिमाचल प्रदेश में कसोल भारत में पाए जाने वाले सबसे प्राचीन, खूबसूरत गांवों में से एक है। भारत में सबसे लोकप्रिय बैकपैकिंग साइटों में से एक, कसोल देश में युवा साहसी लोगों के लिए एक बेहद ही मजेदार डेस्टिनेशन है।

**चोर बाजार :** बाज़ार में घूमना हमेशा सबसे रोमांचक चीजों में से एक है, जिसका अनुभव आप भारत के हर शहर में ले सकते हैं। चोर बाजार या थीव मार्केट में आप सभी प्रकार की पुरानी चीजें और एंटीक वस्तुएं देख सकते हैं। मुंबई और दिल्ली के ऐतिहासिक चोर बाजारों में आपको एक बार जरूर जाना चाहिए।

**स्टैंड अप कॉमेडी क्लब :** भारत का स्टैंड-अप कॉमेडी का चलन बहुत फेमस हो रहा है। कुछ लोकप्रिय स्टैंड अप कॉमेडियंस देश के कुछ शहरों में लाइव शो करते हैं, जहां जाने के लिए टिकट लगती हैं। आप अपने दोस्तों के साथ कैनवास लाफ क्लब जाकर इन शो का मजा ले सकते हैं।

**भानगढ़ किले की यात्रा करें :** अगर आपको भूतिया जगहों पर घूमना बेहद अच्छा लगता है, तो हिम्मत है तो एक बार भारत की सबसे डरावनी जगह भानगढ़ किला जरूर जाएं। राजस्थान की ये जगह देखने में आपको खंडहर जैसी लगेगी, लेकिन इसे देखने के लिए लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखी जा सकती है। ये जगह सिर्फ दिन के समय ही खुली होती है, यहां रात में जाना एकदम मना है।

**भांग ट्राई करें :** भारत में गांजा का उपयोग अवैध है, सिवाय इसके कि जब इसका उपयोग भांग के रूप में किया जाए। दूध में डाली गई भांग की पत्तियों को डालकर, साथ ही कई मसालों से तैयार किया जाता है, खासकर इसे शिवरात्रि या होली के दौरान पिया जाता है। वाराणसी अपने भांग संस्कृति के लिए सबसे ज्यादा जाना जाता है।

### मलाणा गांव घूमने जाए

हिमाचल प्रदेश के कसोल से सिर्फ एक घंटे की दूरी पर स्थित यह प्राचीन गाँव कई कारणों से घूमने के लिए एक शानदार डेस्टिनेशन है। मलाणा बेहद ही शांत गांव है, जहां घूमने के लिए हर साल लोग भारी मात्रा में आते हैं।

# भारत का वो सबसे पुराना किला, जिसकी गुत्थी सुलझाने में हर किसी के छूट गए हैं पसीने





हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल धर्मशाला से लगभग 20 किमी दूर कांगड़ा शहर के बाहरी इलाके में स्थित, कांगड़ा किला भारत के सबसे पुराने किलों में से एक है। यह भारत के सबसे बड़े किलों में से एक भी है, जो सूची 8 वे पायदान पर है। लगभग 4 किमी के क्षेत्र को कवर करते हुए शिवालिक पहाड़ी पर 463 एकड़ में फैला हुआ है। माझी और बाणगंगा नदियाँ इस प्राचीन किले के आधार पर संगम करती हैं, यहां आप धौलाधार का खूबसूरत नजारा भी देख सकते हैं।

**कांगड़ा का निर्माण :** स्थानीय मान्यता के अनुसार लगभग 3,500 साल पहले कटोच वंश के महाराजा सुशर्मा चंद्र ने कांगड़ा का किला बनवाया था। हालांकि कई लोग इस बात को नहीं जानते होंगे कि उन्होंने महाभारत की लड़ाई में कौरव राजकुमारों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। एक बार युद्ध समाप्त होने के बाद, वह अपने सैनिकों के साथ कांगड़ा चले गए, वहां उन्होंने त्रिगर्त की बागडोर संभाली और दुश्मनों से अपने राज्य की रक्षा के लिए इस किले का निर्माण किया। कांगड़ा किले के बारे में एक दिलचस्प तथ्य यह है कि किले में जो कोई भी प्रवेश करता था, उसे गार्ड द्वार सिर काटने की इजाजत दी हुई थी।

**किला घिरा हुआ था खजाने से :** किले में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति को सिर काटने की इजाजत इसलिए दी गई थी, क्योंकि ये खबर दूर-दूर तक फैल गई थी कि किला खजाने से भरा हुआ है और महमूद गजनी, सिकंदर महान और अन्य जैसे कई राजाओं ने इस पर कब्जा करने का भी प्रयास किया था।

**किला कैसे धन की खान में बदल गया :** खैर, ऐसा कहा जाता है कि हिंद और अन्य शासकों ने घर के मंदिर में पीठासीन देवता को चढ़ाने के लिए किले में विशाल गहने, सोना और चांदी भेजा करते थे। वे ऐसा करके पुण्य कर्म अर्जित करना चाहते थे। इसलिए, कांगड़ा किले में धन का जमाव होना शुरू हो गया, जो बाद में किसी के लिए भी इसकी सीमा का पता लगाना मुश्किल हो गया। किले के खजाने में रखे धन की मात्रा पौराणिक है।

**गुप्त खजाना वाला कुआं :** ऐतिहासिक रिपोर्ट के अनुसार, कश्मीर के राजा श्रेष्ठा 470 ईस्वी में कांगड़ा किले पर हमला करने वाले पहले राजा थे। यहां तक कि महमूद गजनी ने भी 1000 ईस्वी के आसपास किले की सम्पत्ति की खोज में अपनी सेना को उतारा को उतारा था। ऐसा माना जाता है कि किले में 21 खज़ाने के कुएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक की गहराई 4 मीटर गहरी और 2.5 मीटर चौड़ी है। 1890 के दशक में गजनी के शासक 8 कुओं को लूटने में सफल रहे, जबकि ब्रिटिश शासकों ने पांच कुओं को लूट लिया था। ऐसा कहा जाता है कि किले में अभी भी खजाने से भरे 8 और कुएं हैं जिनका पता लगाना बाकी है।

**अभी भी यहां के अन्य कुओं में मौजूद है खजाना :** ऐसा कहा जाता है कि किले में अभी भी खजाने से भरे 8 और कुएं हैं जिनका पता लगाना बाकी है। अकबर के नेतृत्व में मुगल सेना ने 17वीं शताब्दी की शुरुआत में इस किले पर कब्जा करने के 52 असफल प्रयास किए। किला आखिर में ब्रिटिश सैनिकों के हाथों में चला गया और तब तक रहा जब तक कि अप्रैल 1905 में एक भीषण भूकंप ने इसकी मजबूत नींव को हिला नहीं दिया।

**आज कैसा है कांगड़ा का किला :** किला एक लंबे बाहरी सर्किट के माध्यम से दोनों तरफ 4 किमी के क्षेत्र को कवर करता है। यह राजसी विशाल भागों और काले पत्थर से बनी विशाल दीवारों द्वारा संरक्षित है। महल के प्रांगण के नीचे अंबिका देवी, लक्ष्मी नारायण और भगवान महावीर के मंदिर हैं। किले में 11 द्वार और 23 गढ़ हैं। मुख्य मंदिर के द्वार के ठीक बाहर सबसे प्रमुख रक्षा द्वार है जिसे अंधेरी दरवाजा के नाम से जाना जाता है। यह 7 मीटर लंबा और चौड़ा है जिसमें से दो आदमी या एक घोड़ा गुजर सकता है। दरवाजे का निर्माण दुश्मन सैनिकों के हमले को रोकने के लिए किया गया था। भारत को स्वतंत्रता मिलने के बाद, एएसआई ने एक निश्चित समझौते के तहत कटोच राजवंश के महाराजा जय चंद्र को किला वापस कर दिया।

## श्रीमद् भागवत कथा 25 से

**नोखा ( नवयत्न )।** धर्म नगरी नोखा में कान्हा गौ सेवा समिति एवं अरकेश्वर महादेव मंदिर परिवार द्वारा सलुंडिया रोड स्थित चांडक भवन में निराश्रित गौ सेवार्थ संगीत मयी सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन 25 मई 2026 से 31 मई तक आयोजित होने जा रहा है । कथा का समय दोपहर 2 बजे से सांय 6 बजे तक रहेगा । कान्हा गौ सेवा समिति के किशन तोषनीवाल, केशव करवा और अंरकेश्वर महादेव परिवार के दिनेशसिंह राजपुरोहित और मोहित जोशी ने बताया कि विद्यवान पंडित श्रद्धेय महावीर महाराज व्यास पीठ पर विराजित हो कर श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का रसास्वादन करवायेंगे। अरकेश्वर महादेव मंदिर व्यवस्थापक लालचन्द उपाध्याय ने कहा कि गौ माता की सेवा सबसे बड़ा पुण्य कार्य है हमारी गौमाता में 33 कोटी देवी देवताओं का बास होता है। आयोजकों ने सभी धर्म प्रेमिया से आग्रह किया है निराश्रित गौ सेवार्थी हो रही श्रीमद् भागवत कथा में अधिकाधिक संख्या में पधार कर कथा पान करते हुए सहयोग प्रदान कर पुष्य के भागी बने। कथा के दौरान समय समय पर कथा प्रसंगानुसार संजीव झांकियो भी प्रदर्शित की जायेगी कथा में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया जायेगा। कथा के मुख्य श्रोता यजमान एंव प्रसाद की व्यवस्था हेतु अपना योगदान देने के इच्छुक महानुभाव अपना नाम पहले बता देवे।

## ऑनलाइन इंटरनेशनल ड्राइंग कॉन्टेस्ट में बच्चों को मिलेगा कला और कल्पना शक्ति दिखाने का वैश्विक मंच

**जयपुर ( नवयत्न )।** बच्चों की रचनात्मकता, कल्पना शक्ति और कला प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से श्वीणा वाटिका 3तक ऑनलाइन इंटरनेशनल ड्रॉइंग कॉन्टेस्ट 2026 का शुभारंभ किया गया है। इस प्रतियोगिता में भारत सहित विभिन्न देशों के 5 से 15 वर्ष तक के बच्चे ऑनलाइन भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता का विषय रखा गया है, जिसका उद्देश्य बच्चों को प्रकृति के प्रति जागरूक करना तथा उनकी भावनाओं को कला के माध्यम से अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरित करना है। आयोजकों के अनुसार प्रतिभागियों की कलाकृतियों का मूल्यांकन अंतरराष्ट्रीय स्तर की ज्यूरी द्वारा किया जाएगा, जिसमें रूस, लंदन यूके सहित विभिन्न देशों के प्रतिष्ठित कला विशेषज्ञ शामिल होंगे। यह ज्यूरी बच्चों की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति और कल्पना शक्ति का मूल्यांकन करेगी। प्रतियोगिता में विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे, जबकि सभी प्रतिभागियों को ई-सर्टिफिकेट दिया जाएगा। इस पहल को लेकर कई स्कूलों, आर्ट टीचर्स और आर्ट स्टूडियो में उत्साह देखा जा रहा हैए जो विद्यार्थियों को अधिकाधिक भागीदारी के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आयोजकों ने बताया कि यह प्रतियोगिता बच्चों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी कला प्रस्तुत करने, आत्मविश्वास बढ़ाने और वैश्विक पहचान बनाने का अवसर प्रदान करेगी। प्रतियोगिता की अंतिम तिथि 30 जून 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागी वीणा वाटिका वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## आरजीएचएस स्वास्थ्य योजना में अनिमितता और अव्यवस्था को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ के पेंशनर्स भवन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश जांगिड़ की अध्यक्षता में हुई बैठक में आरजीएचएस स्वास्थ्य योजना में अनिमितता और अव्यवस्था को लेकर प्रदेशव्यापी आंदोलन के आह्वान पर कल 25 मई को आक्रोश रैली निकाल कर उपखण्ड अधिकारी के माध्यम से राज्य सरकार की गलत नीतियों और कुप्रबंधन का विरोध करने हेतु ज्ञापन देने का निर्णय किया गया। बैठक में तय किया गया है कि प्रातरू 9:30 बजे बस स्टेण्ड के पास पेंशनर्स भवन से नारे लगाते हुए रैली के रूप में रवाना होकर गढ़ परिसर में पहुंच कर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया जायेगा । प्रदेश में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स को जरुरत होने पर प्राइवेट अस्पतालों में नियमित ईलाज नहीं मिलता है, आवश्यक जांच नहीं की जाती है और दवाइयां भी नहीं मिलती है । ज्ञापन के द्वारा इन सभी अव्यवस्थाओं को ठीक कर उचित चिकित्सा व्यवस्था करने और समय पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आग्रह किया जायेगा। बैठक के माध्यम से सभी पेंशनर्स से अपने हकों के लिए लड़ने हेतु बड़ी संख्या में रैली में भाग लेने का आह्वान किया गया है। बैठक की कार्रवाई में मोहम्मद अनवर कुरेशी, बद्री प्रसाद बणसिया, सांवरमल दर्जी, लिछमण राम टांडी, पीरुमल भोभरिया, रामदेव शर्मा, बाबूलाल माली, निरंजन भार्गव और पन्नालाल सोनी आदि उपस्थित रहे।

## एनडीपीएस मामले में 6 वर्ष का कारावास

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में विशिष्ट न्यायधीश अपरजिला एवं सैशन न्यायाधीश सुरेन्द्र कौशिक ने अपने निर्णय में अवैध डोडा पोस्त रखने एवं परिवहन करने के जुर्म में अभियुक्त परमजीत सिंह पुत्र गंगा सिंह निवासी चक काठगढ़ जिला फिरोजपुर पंजाब निवासी को एन डी पी एस की धारा 8/15 में दोषी मानकर 6 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक लाख के जुर्माने एवं धारा 8/29 में दोषी मानकर 6 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक लाख के जुर्माने की सजा से दंडित कर जेल भेजा। अभियुक्त की दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी, अदम अदायगी जुर्माना 3 माह का साधारण कारावास भुगताया जाएगा। विशिष्ट लोक अभियोजक डॉ. जया कांत बिंवाल ने बताया कि 30 अक्टूबर 2018 को क्षेत्र की पुलिस ने मेघा हाइवे पर जैन कार से 30 किलो अवैध डोडा पोस्त परिवहन करने एवं अपने पास रखने के एन डी पी एस के अपराधों में अभियुक्त परमजीत सिंह एवं उसके साथी गण के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर, अनुसंधान कर चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया था। जिस पर विशिष्ट न्यायधीश अपरजिला एवं सैशन न्यायाधीश रतनगढ़ सुरेन्द्र कौशिक ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत समस्त गवाहन के बयानात एवं प्रदर्शित समस्त दस्तावेजात के आधार पर अभियुक्तगणों को दोषी मानकर अभियुक्त परमजीत सिंह को 6 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक लाख के जुर्माने की सजा से दंडित किया। अन्य अभियुक्त गुरमीतसिंह एवं बलविन्द्रसिंह इस प्रकरण में मफरूर चल रहे है, उनको मफरूर घोषित किया गया है। इस प्रकरण में राज्य सरकार की और से प्रभावी पैरवी विशिष्ट लोक अभियोजक एडवोकेट डॉ जया कांत बिंवाल ने की।

## वृक्षारोपण के लिए पेंशनर समाज ने दी 26 हजार की सहयोग राशि

नोखा (नवयत्न)। राजस्थान पेंशनर समाज नोखा ने अनुव्रत समिति नोखा के अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास की अपील पर पर्यावरण संरक्षण में 26000 रुपये का सहयोग दिया। 5 जून 2026 से शुरू होने वाले पर्यावरण दिवस कार्यक्रम के दौरान वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। राजस्थान पेंशनर समाज नोखा के अध्यक्ष एवं अनुव्रत समिति नोखा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इन्द्रचन्द मोदी ने बताया कि उपकोषाधिकारी रमेश कुमार व्यास की अपील पर पेंशनर समाज नोखा ने प्रति पौधा 1300 रुपये के हिसाब से 20 पौधों की राशि 26000 रुपये 21 मई को अध्यक्ष व्यास को सौंपी। वृक्षारोपण का कार्य अनुव्रत समिति नोखा सहित जन सहयोग से किया जाएगा। व्यास के अनुसार राजकीय राठी स्कूल के खेल मैदान में अनुव्रत वाटिका बनाई जाएगी। पेंशनर समाज के करणीदान बोथरा संरक्षक, रघुनाथसिंह राठौड़ कार्यकारी अध्यक्ष, हुकमसिंह शेखावत मंत्री, अमर सिंह बिक्का बेरासर, जयदयाल व्यास उपाध्यक्ष, डॉ. खिमसिंह राजपुरोहित वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री भोपालराम घींपा और ओमप्रकाश भादु रोड़ा सहित संगठन के पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।

# गंगा दशहरा पर बनेंगे दुर्लभ शुभ योग

# 20 बटुकों का होगा सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** ज्येष्ठ शुक्ल दशमी पर 25 मई को मनाया जाने वाला गंगा दशहरा इस बार दुर्लभ और अत्यंत शुभ संयोगों में मनाया जाएगा। राजधानी जयपुर सहित प्रदेशभर के मंदिरों और तीर्थस्थलों पर विशेष पूजा-अर्चना, महाआरती, झांकियों और धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस अवसर पर गंगा स्नान, दान-पुण्य, जप-तप और पूजा-अर्चना का विशेष महत्व रहेगा।

वहीं राधा माधव जी मंदिर में 20 ब्राह्मण बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार भी वैदिक विधि.विधान से संपन्न होगा। पंडित बनवारी लाल शर्मा ने बताया कि इस वर्ष गंगा दशहरा पर हस्त नक्षत्र, रवि योग, व्यातिपात योग, आनंद योग और गुरु-चंद्रमा की युति से बनने वाला गजकेसरी योग सहित पांच विशेष शुभ योगों का महासंयोग बन रहा है। ऐसे दुर्लभ संयोगों में किए गए स्नान, दान और धार्मिक अनुष्ठानों का पुण्यफल कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार इसी दिन मां गंगा का स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। ब्रह्मपुराण में गंगा दशहरा को दस प्रकार के पापों के नाश का पर्व बताया गया है। इस दिन गंगा स्नान और दान करने से तीन कायिक, चार वाचिक और तीन मानसिक दोषों का शमन होता है। इस बार गंगा दशहरा सोमवार को पड़ रहा है, जो भगवान शिव का प्रिय दिन माना जाता है। मान्यता है कि मां गंगा भगवान शिव की जटाओं से पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं।



ऐसे में शिव और गंगा पूजा का विशेष संयोग बन रहा है। श्रद्धालु इस दिन भगवान शिव और मां गंगा की आराधना कर रोग, भय और जीवन की बाधाओं से मुक्ति की कामना करेंगे। पंडित राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि गंगा दशमी को स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त माना जाता है, जिसमें बिना पंचांग देखे मांगलिक और शुभ कार्य संपन्न किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान, दीपदान और पूजा-अर्चना करने से घर में सुख-समृद्धि और शांति का वास होता है। गंगा दशमी पर मिट्टी के 10 दीपक जलाने तथा पानी से भरा घड़ा, खरबूजा, आम, गुड़, तिल, सत्तू और हाथ का पंखा दान करना विशेष फलदायी माना गया है। वैदिक पंचांग के अनुसार दशमी तिथि का प्रारंभ 25 मई को प्रात: लगभग 4:30 बजे से होगा और समापन 26 मई को प्रात: लगभग 5:10 बजे तक रहेगा। गंगा स्नान एवं पूजा का श्रेष्ठ मुहूर्त सुबह 5:34 बजे से 7:16 बजे तक रहेगा, जबकि पूजा-अर्चना का शुभ समय सुबह 8:58 बजे से 10:39 बजे तक रहेगा। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:09 बजे से 1:02 बजे तक रहेगा। इसके अलावा सर्वार्थ सिद्धि, आयुष्मान, शुभ और शोभन योग सुबह 11:32 बजे तक प्रभावी रहेंगे, जबकि सौभाग्य और अमृत योग दोपहर बाद से प्रारंभ होंगे। इधर गंगा दशमी के पावन अवसर पर राधा माधव जी मंदिर में 20 ब्राह्मण बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित किया जाएगा। आयोजन श्री गोविन्द देव जी मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी और संत-महंतों के सान्निध्य में अभिजीत मुहूर्त में संपन्न होगा।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गोविंद धाम में सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने पोस्टर का पूजन किया, वहीं चांदपोल स्थित परकोटा गणेश मंदिर में भगवान गणेश को आयोजन का निमंत्रण अर्पित किया गया। वेदाचार्य डॉ. प्रशांत शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में ग्रह शांति पूजन के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच बटुकों को यज्ञोपवीत धारण करवाया जाएगा। गणेश निमंत्रण कार्यक्रम में सुदर्शनाचार्य महाराज, रामरज दास त्यागी, धर्म प्रचारक विजय शंकर पांडे सहित कई संत-महंत मौजूद रहे। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

## हिमालय वुडवेज कोर्स कर लौटी गाइडर

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र पचमढ़ी मध्य प्रदेश पर 15 से 21 मई तक आयोजित हिमालय वुडबैज गाइड प्रशिक्षण शिविर में जिले की चार गाइडर ने हिमालय वुडबैज योग्यता अर्जित की। सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि जिले की पीएमश्री महात्मा गांधी श्री कृष्ण परिषद राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरजगढ़ से मनीषा सैनी, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय देवरोड पिलानी से सोनम चौधरी,



राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सावंलोद बुहाना से सत्यवती, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुढ़ाना झुंझुनू से अंजू ने यह योग्यता अर्जित की है। इनके प्रशिक्षित होने से जिले की स्काउट गाइड छात्राओं हेतु अच्छे ट्रेनर उपलब्ध हो सकेंगे और जिले की छात्राओं को राज्य पुरस्कार एवं राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त करने में मदद मिलेगी। चारों गाइडर के झुंझुनू पहुंचने पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा, जिला अध्यक्ष गंगाधर सिंह सुंडा, एसीओ स्काउट महेश कालावत, सचिव स्थानीय संघ पिलानी श्याम लाल इंदौरिया, सचिव स्थानीय संघ सूरजगढ़ महेश सैनी, सचिव स्थानीय संघ झुंझुनू धर्मपाल सिंह, सचिव स्थानीय बुहाना प्रवीण कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त की।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने नष्ट कराया 1450 लीटर संदिग्ध दूध

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने गर्मियों में दूध में मिलावट और अमानक खाद्य पदार्थों के कारोबार पर सख्ती बढ़ा दी है। इसी क्रम में जयपुर प्रथम क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने विशेष अभियान चलाकर विभिन्न डेयरियों और दूध टैंकरों की जांच की। कार्रवाई के दौरान करीब 700 लीटर खट्टा एवं बदबूदार दूध और 750 किलोग्राम अमानक दूध को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग की आयुक्त डॉ. टी. शुभमंगला के निर्देशन तथा अभिहित अधिकारी डॉ. रवि शेखावत के नेतृत्व में गठित विशेष दल द्वारा की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि विशेष टीम ने कालाडेरा क्षेत्र के साहिब रामपुर अनोपूरा स्थित कृष्णा दूध डेयरी पर औचक निरीक्षण कर दूध के नमूने जांच के लिए लिए। इस दौरान डेयरी संचालक शायर चौधरी से दूध के स्रोतों की जानकारी भी जुटाई गई, ताकि मिलावटी दूध के पूरे नेटवर्क तक पहुंचा जा सके। निरीक्षण में पाई गई अनियमितताओं के आधार पर संबंधित संचालक को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नोटिस जारी किया गया। नमूना लेने के बाद डेयरी में रखा करीब 700 लीटर दूध खट्टा और बदबूदार पाया गया। आमजन के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विभागीय टीम ने उसे मौके पर ही नष्ट करवा दिया।

इसके बाद खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम चितवाड़ी क्षेत्र पहुंची, जहां मावा निर्माण इकाइयों को दूध सप्लाई करने वाले तीन टैंकरों की जांच की गई। इनमें एस.एस. डेयरी, यादव दूध डेयरी तथा नारायणपुर-कोटपूतली निवासी जितेंद्र शर्मा के टैंकर शामिल थे। तीनों टैंकरों से दूध के नमूने जांच के लिए लिए गए। जांच के दौरान जितेंद्र शर्मा के टैंकर में रखा करीब 750 किलोग्राम दूध प्रारंभिक परीक्षण में मानक स्तर का नहीं पाया गया। विभाग ने उसे भी मौके पर ही नष्ट करवा दिया। खाद्य सुरक्षा विभाग ने बताया कि मिलावटी दूध के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने के



लिए चार विशेष दल गठित किए गए हैं। ये दल दूध उत्पादकों, संग्रहकर्ताओं और विक्रेताओं की गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखेंगे तथा संदिग्ध मामलों में तत्काल कार्रवाई करेंगे। विभाग ने स्पष्ट किया है कि आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कठोर और निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

## छात्र सिद्धार्थ शर्मा ने उदयपुर में किया कमाल

### सोलर असाईंट स्मार्ट ईवी वायरलेस चार्जिंग सिस्टम तैयार

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** लगातार बढ़ते पेट्रोल के दाम और वायु प्रदूषण ने अब लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर तेजी से आकर्षित किया है। लेकिन ईवी वाहनों की सबसे बड़ी समस्या चार्जिंग को लेकर होती है। इसी समस्या का समाधान तारानगर के क्षेत्र के छोटे से गाँव ब्रह्मनगर निवासी छात्र सिद्धार्थ शर्मा पुत्र राकेश शर्मा हड़ियाल सरपंच ने उदयपुर शहर के महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एक नए इनोवेशन के जरिए निकाल दिया है। सिद्धार्थ ने अपने सहयोगी छात्र सुनील मीणा व आयुष जावर सँग मिलकर सोलर असाईंट स्मार्ट इवी चार्जिंग सिस्टम विद वायरलेस चार्जिंग नामक एक आधुनिक



सिस्टम तैयार किया है, जो आने वाले समय में इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग को बेहद आसान बना सकता है। इस सिस्टम की खास बात यह है कि जैसे ही कोई इलेक्ट्रिक वाहन तय पार्किंग या चार्जिंग ज़ोन में प्रवेश करेगा, वाहन अपने आप चार्ज होना शुरू हो जाएगा। इसके लिए किसी तरह के प्लग या मैन्युअल कनेक्शन की जरूरत नहीं होगी। छात्र सिद्धार्थ का कहना है कि उन्होंने इस सिस्टम को पूरी तरह ऑटोमैटिक तकनीक पर आधारित बनाया है, जिससे यूजर को बार-बार चार्जिंग के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। इस सिस्टम में वायरलेस चार्जिंग तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जो पार्किंग एरिया में लगे चार्जिंग प्लेटफॉर्म के जरिए वाहन को ऊर्जा प्रदान करता है। खास बात यह है कि इस पूरे सिस्टम को सोलर एनर्जी से भी जोड़ा गया है, यानी इसमें लगे सोलर पैनल सूरज की रोशनी से बिजली उत्पन्न करेंगे और उसी ऊर्जा का उपयोग वाहनों को चार्ज करने में किया जाएगा। छात्रों के अनुसार, यह तकनीक न केवल ईवी चार्जिंग को आसान बनाएगी, बल्कि बिजली की खपत को भी काफी हद तक कम करेगी। साथ ही यह सिस्टम उन लोगों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो सकता है जो रोजाना अपने वाहन को चार्ज करने में समय और मेहनत लगाते हैं। इस इनोवेशन का सबसे बड़ा फायदा यह है कि जैसे ही वाहन चार्जिंग जोन में प्रवेश करेगा, सिस्टम खुद ही सक्रिय हो जाएगा और चार्जिंग प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

## सड़क हादसे में 10 लोग हुए घायल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** गाँव हरासर आबसर के बीच शुक्रवार शाम को पिक अप पलटने से एक ही परिवार के 10 लोग घायल हो गए। जिनको छापर ले जाया गया। वहाँ से सुजानगढ़ लाया गया, जहाँ टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, भरतए वाहिद आदि ने इमरजेंसी मे भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया तथा घायलों की इलाज मे मदद की। जानकारी के अनुसार उक्त सभी देवी देवता के जाकर वापस बीदासर लौट रहे थे। घायलों मे मुन्नी देवी पत्नी रमेश शर्मा 60 वर्ष, पुष्पा पत्नी महेश उम्र 55 वर्ष, राहुल



पुत्र महेश 27 वर्ष, महेश पुत्र पूनमचंद 58 वर्ष, निवासी बीदासर, हर्षित पुत्र महेंद्र उम्र 15 वर्ष निवासी बिग्गा, कुसुम पत्नी मुकेश उम्र 30 वर्ष निवासी ग्वालियर, दीपिका पत्नी सूर्य प्रकाश उम्र 30 वर्ष पड़ीहारा, गुंजन पुत्र कृष्ण कांत उम्र 8 वर्ष सरदारशहर, संगीता पत्नी कृष्ण उम्र 35 वर्ष निवासी सरदारशहर हैं। घायलों का इलाज डॉ रामरतन बिस्सू, डॉ कमल धनिया, डॉ लियाकत अली, डॉ महिपाल सिंह, सुभाष, मनोज आदि ने किया। शुक्र ये रहा कि कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस को भी मामले की मामले की जानकारी दी गई।

# अनु मीणा सुसाइड मामले में पुलिस को मिले महत्वपूर्ण साक्ष्य

## मोबाइल और सीसीटीवी फुटेज के आधार पति के खिलाफ मामला दर्ज

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मुहाना थाना इलाके में पीएचईडी के एक्सईएन अधिकारी की पत्नी अनु मीणा की आत्महत्या के मामले में एक बेहद चौंकाने वाला और बड़ा खुलासा हुआ है। घटना के बाद मृतका के मोबाइल और घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर पति द्वारा की जाने वाली बेरहमी से मारपीट और तोड़फोड़ के पुख्ता सबूत मिले हैं। इन वीडियो साक्ष्यों के सामने आने के बाद मृतका के मायके पक्ष ने आरोपी पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### 7 अप्रैल को लगाया था फंदा, मोबाइल ने खोले राज

पुलिस के बताए अनुसार थाना इलाके में स्थित बालाजी विहार निवासी 36 वर्षीय अनु मीणा ने गत 7 अप्रैल को अपने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। शुरुआती तौर पर इसे सामान्य सुसाइड माना जा रहा था, लेकिन घटना के बाद जब महिला के परिजनों ने उसके मोबाइल और घर के सीसीटीवी फुटेज की जांच कीए तो प्रताड़ना की खौफनाक हकीकत सामने आ गई। फुटेज में आरोपी पति साफतौर पर गुस्से में पत्नी पर चिल्लाते, बेरहमी से हाथ उठाते और घर के सामान में तोड़फोड़ करते हुए दिखाई दे रहा है।

### शादी में खर्च किए थे 60 लाख, फिर भी 20 लाख की और वसूली

मृतका के भाई नीरज मीणा ने अपनी शिकायत में पुलिस को बताया कि अनु की शादी जुलाई 2015 में चौमूं के चोथावाड़ी निवासी गौतम मीणा के साथ हुई थी। शादी में हैसियत से बढ़कर करीब 60 लाख रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद ससुराल पक्ष और पति द्वारा लगातार और दहेज की मांग को लेकर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता रहा। आरोप है कि प्रताड़ना से तंग आकर और अनु का घर बचाने की खातिर वर्ष 2022 में आरोपी पति को 20 लाख रुपये नगद भी दिए गए थे, लेकिन इसके बाद भी उसके व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया।

### शराब पीकर करता था मारपीट, दूसरी शादी की देता था धमकी

नीरज ने आरोप लगाया कि आरोपी गौतम मीणा आदतन शराबी है। वह अक्सर शराब के नशे में धुत होकर घर आता और अनु व मासूम बच्चों के साथ बेरहमी से मारपीट करता था। वह लगातार अनु को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के लिए दूसरी शादी करने की धमकियां भी देता रहता था। इसी रोज-रोज के नरक और भारी मानसिक दबाव के चलते अनु ने आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर होना पड़ा।

### टोंक-निवाई में है आरोपी की पोस्टिंग

**परिजनों ने बताया कि आरोपी गौतम मीणा वर्तमान में टोंक-निवाई में एक्सईएन के पद पर तैनात है और वह जयपुर से ही रोजाना अप-डाउन करता था। फिलहाल पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर प्रताड़नाए दहेज हत्या के प्रयास और आत्महत्या के लिए उकसाने की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मोबाइल से मिले वीडियो और सीसीटीवी फुटेज को साक्ष्य के रूप में कब्जे में ले लिया गया है और आरोपी के खिलाफसख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।**

## गला दबाकर महिला से मंगलसूत्र और मोबाइल लूटे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** दौलतपुरा थाना इलाके में किराएदार द्वारा अपने साथी के साथ मिलकर मकान मालकिन से लूटपाट करने का मामला सामने आया है। जहां बदमाशों ने महिला का गला दबाकर जानलेवा हमला किया और विरोध करने पर सिर दीवार में मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वारदात के बाद आरोपी महिला का सोने का मंगलसूत्र और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। थानाधिकारी सुनील गोदारा ने बताया कि मोटू का बास निवासी 45 वर्षीय रानी के साथ यह वारदात हुई। महिला ने करीब तीन महीने पहले मजदूरी करने वाले एक युवक को अपने मकान में किराए पर कमरा दिया था। आरोपी किराएदार के पास उसके दोस्तों का भी आना-जाना रहता था। पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर आरोपी किराएदार अपने एक दोस्त को घर लेकर आया। दोनों ने लूट की नीयत से मकान मालकिन को पकड़ लिया और उसका गला दबाने लगे। महिला द्वारा विरोध करने पर हमलावरों ने उसका सिर दीवार में मार दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। इसके बाद आरोपी उसके गले से सोने का मंगलसूत्र और मोबाइल लेकर फरार हो गए। घायल महिला करीब दो से तीन घंटे तक घर के अंदर बेसुध पड़ी रही और काफी देर बाद होश आने पर वह किसी तरह बाहर निकली और पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को इलाज के लिए बराला हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। पुलिस वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। थानाधिकारी सुनील गोदारा ने बताया कि महिला डरी-सहमी हुई है और फिलहाल पूरी घटना स्पष्ट रूप से नहीं बता पा रही है। उसकी स्थिति सामान्य होने पर विस्तृत बयान दर्ज किए जाएंगे। पुलिस संदिग्ध आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## महंगाई और नीट पेपर लीक के विरोध में कांग्रेस का प्रदेशभर में होगा विरोध-प्रदर्शन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस, बिजली और पेयजल की बढ़ती कीमतों व आपूर्ति संकट तथा नीट-2026 पेपर लीक मामले को लेकर राजस्थान कांग्रेस अब प्रदेशव्यापी आंदोलन करेगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देश पर प्रदेश की सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियां 23 मई से 1 जून तक अपने-अपने क्षेत्र के एसडीएम कार्यालयों के बाहर विरोध-प्रदर्शन करेंगी और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपेंगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया चेयरपर्सन स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक और विदेश नीति के कारण देश में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दाम लगातार बढ़ रहे हैं। महंगाई का सीधा असर आमजन के जीवन पर पड़ रहा है और लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, बिजली और पेयजल की आपूर्ति आवश्यकता से कम हो रही है, जिससे आमजन त्रस्त हैं। इसके अलावा नीट-2026 परीक्षा का पेपर लीक होने से लाखों छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है। कांग्रेस ने इस मामले में केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि प्रदेशभर में आयोजित होने वाले इन प्रदर्शनों के माध्यम से केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जनता की आवाज बुलंद की जाएगी। ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्ता एसडीएम कार्यालयों के समक्ष प्रदर्शन कर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपेंगे। प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व ने सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है।

## इंटरनेशनल गीता ओलिंपियाड पुरस्कार समारोह में विजेताओं को मिलेगा गीता रत्न सम्मान

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुप्त वृन्दावन धाम द्वारा आयोजित इंटरनेशनल गीता ओलिंपियाड-2026 का भव्य पुरस्कार वितरण समारोह रविवार को आयोजित किया जाएगा। समारोह में देश-विदेश से आए विजेताओं को गीता रत्न, षीता विभूषण और गीता भूषण सहित विभिन्न सम्मान प्रदान किए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार इस वैश्विक ऑनलाइन प्रतियोगिता में देश के 24 राज्यों और 161 शहरों सहित विदेशों से कुल 2790 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता की विशेष बात यह रही कि पहली बार इसे पूरी तरह निःशुल्क रखा गया। इस वर्ष प्रतिभागियों को विशेष रूप से श्रीमद्भागवत गीता के अध्याय 13 से 18 तक का अध्ययन करवाया गया। प्रतियोगिता में जयपुर के डॉ केवल कृष्ण गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 51 हजार रुपए की पुरस्कार राशि सहित गीता रत्न सम्मान हासिल किया। वहीं कोटा के यशस्वी श्रृंगी को 21 हजार रुपए की राशि के साथ गीता विभूषण सम्मान दिया जाएगा। कोटा की नेहा महावर को 11 हजार रुपए की पुरस्कार राशि के साथ गीता भूषण सम्मान प्रदान किया जाएगा। समारोह में अन्य प्रतिभागियों को गीताश्री, गीता पुरस्कार और मेरिट सर्टिफिकेट्स देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही विजेताओं के लिए जयपुर हेरिटेज एवं देव-दर्शन यात्रा का आयोजन भी किया जाएगा। इस यात्रा के दौरान प्रतिभागियों को जयपुर के प्राचीन मंदिरों, ऐतिहासिक धरोहरों और वृंदावन से पधारे गोविंद देवजी मंदिर सहित सात प्रमुख विग्रहों की परंपरा और इतिहास से अवगत कराया जाएगा। गुप्त वृन्दावन धाम के अध्यक्ष अमितासना दास ने सभी विजेताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गीता जीवन का आध्यात्मिक प्रकाश है और इसी संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य स्तर पर शुरू हुआ गीता ओलिंपियाड आज वैश्विक स्वरूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और सनातन मूल्यों से जोड़ना है।

## निःशुल्क जांच शिविर आयोजित

हरीश देवन्दा

**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** कस्बे के जांगिड़ हॉस्पिटल एवं ट्रॉमा सेंटर नीमकाथाना में शनिवार को बीएमडी एवं विटामिन डी-3 निःशुल्क जांच कैंप आयोजित किया गया। इस शिविर में दूर दराज से आए हुए 65 मरीजों की बोन मिनरल डेंसिटी एवं विटामिन डी-3 लेवल की जांच की गई। जिन मरीजों का अस्थि घनत्व कम था उनको डॉ राजेश जांगिड़ वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ तथा डॉ मौसमी जांगिड़ ने कैल्शियम में विटामिन डी 3 लेने की सलाह दी। मरीज को धूप सेवन की सलाह दी गई क्योंकि धूप सेवन से विटामिन डी-3 संश्लेषण करता है। मरीज को दूध, हरी सब्जियां, फल, खजूर, सीताफल, मेवा, खीरा आदि खाने की सलाह दी गई ताकि उनके कैल्शियम एवं विटामिन डी लेवल बढ़े। इस शिविर में तेजवीर, अनीश, रणवीर, कैलाश, जितेंद्र, अनिल, समर्थ आदि ने सहयोग किया। कैल्शियम एवं विटामिन डी-3 लेवल कम होने पर बदन दर्द, कमर दर्द, जोड़ दर्द एवं हड्डियों के आसानी से फैक्चर होने की संभावना बढ़ जाती है। हड्डियों की योग एवं व्यायाम से शरीर को तंदुरुस्त बनाए रखने की सलाह दी।

# आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम करना प्राथमिकता : मित्तल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** शहर में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने, अपराध नियंत्रण को प्रभावी करने तथा आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने शनिवार को पुलिस आयुक्तालय में पूर्व जिले की समीक्षा बैठक ली। बैठक में अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, साइबर क्राइम, लंबित प्रकरणों के निस्तारण और बीट पुलिसिंग को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में स्पेशल पुलिस कमिश्नर ओम प्रकाश, अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर सिटी अजय सिंह राठौड़, पुलिस उपायुक्त पूर्व रंजिता शर्मा सहित पूर्व जिले के सहायक पुलिस उपायुक्त मौजूद रहे। पुलिस कमिश्नर मित्तल ने महिला अत्याचार, बाल अपराध और एससी-एसटी एक्ट से जुड़े मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील मामलों में पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। बैठक में चोरी, नकबजनी और अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए विशेष निगरानी और अभियान चलाने पर जोर दिया गया। साथ ही वांछित एवं हार्डकोर अपराधियों की धरपकड़ के लिए प्रभावी रणनीति बनाने के निर्देश दिए गए। संगठित अपराध और गैंगस्टर गतिविधियों में शामिल बदमाशों पर सख्त कार्रवाई करने को भी कहा गया। पुलिस कमिश्नर ने नए आपराधिक कानूनों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने और सभी थानों में आवश्यक प्रशिक्षण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके अलावा पुराने लंबित मामलों और विभागीय जांचों के समयबद्ध निस्तारण पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में साइबर अपराध और ऑनलाइन फ्रॉड के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए साइबर हेल्पलाइन 1930 पर प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करने तथा पीड़ितों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने पर भी बल दिया गया। मित्तल ने थानों में दर्ज प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करने, सम्पर्क पोर्टल और राजकोप एप पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कमजोर प्रदर्शन वाले थानों की कार्यप्रणाली में सुधार लाने के लिए विशेष रणनीति तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में महिला सुरक्षा को



मजबूत बनाने के लिए थाना स्तर पर महिला बीट और यूथ सीएलजी सदस्यों के गठन पर भी जोर दिया गया। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि बीट पुलिस प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाकर आमजन से संवाद और समन्वय बढ़ाया जाएगा ताकि लोगों को त्वरित न्याय और बेहतर पुलिस सेवाएं मिल सकें।

## राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेकर आए छात्र जांगिड़ का किया स्वागत




**नवलगढ़ ( नवयत्न )।** सरस्वती स्कूल बलवन्तपुरा के छात्र पवित्र जांगिड़ का 69वीं नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता जो कि तेलंगाना महबूब नगर में 26अप्रैल से 1 मई तक आयोजित हुई में भाग लेकर लौटने पर विद्यालय में छात्र व उसके माता-पिता का भव्य स्वागत व सम्मान किया गया। पवित्र व उसके माता-पिता को साफा, दुपट्टा, वॉलवॉच, अम्ब्रेला व मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। इसी अवसर पर पवित्र को 11 हजार नगद पुरस्कार भी विद्यालय के वार्षिकोत्सव में दिए जाने की घोषणा की गई। पवित्र जांगिड़ ने बतौर ओपनर बैट्समेन राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व किया है। विद्यालय निदेशक बीरबल सिंह गोदारा ने बताया कि पवित्र कक्षा 9 से विद्यालय में अध्ययनरत है। इससे पहले दो बार विद्यार्थी राज्य स्तर पर झुंझुनू जिले का प्रतिनिधित्व कर चुका है। उन्होने बताया कि पवित्र पढ़ाई में भी बहुत अच्छे अंक प्राप्त कर रहा है, इस बार 12वी विज्ञान वर्ग में बोर्ड परीक्षा में 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है व पढ़ाई व खेल में सन्तुलन स्थापित करने की मिशाल पेश की है। उन्होने इस सफलता के लिए पवित्र, उसके माता-पिता व विद्यालय स्टाफ को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पवित्र के पिता एडवोकेट किशोर जांगिड़ ने विद्यार्थियों के लिए एक बेहतरीन शैक्षणिक वातावरण तथा खेलकूद गतिविधियों के अनुकूल माहौल उपलब्ध करने के लिएविद्यालय प्रबन्धन तथा शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

पवित्र की माता डॉ मनोज देवी ने भी विद्यार्थियों को सम्बोधित किया। विशेष तौर पर उन्होने छात्राओं से अपील की वे अपनी सभी बातें अपनी मम्मी से साझा करे। विद्यालय प्रधानाचार्य हेमन्त दाधीच ने बताया कि पवित्र में निराश नहीं होने की भावना रही है, उसके बलबूते उसने लगातार अपने आपको आगे बढ़ाया है। उन्होने बताया कि विद्यालय में अध्ययन के साथ-साथ खेलों में भी आगे बढ़ने के अवसर दिए जाते है उसी का परिणाम है कि इस बार राज्य स्तरीय खेलों में 82 विद्यार्थियों ने जिले का प्रतिनिधित्व किया है।

# मानवता, सेवा और संवेदनाओं की अद्भुत मिसाल बना अपना घर आश्रम

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** अपना घर आश्रम नोखा में मानवता, सेवा, करुणा और समर्पण का एक अत्यंत प्रेरणादायक एवं भावुक दृश्य देखने को मिला, जिसने उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति के हृदय को भाव-विभोर कर दिया। आश्रम परिसर में सेवा, सहयोग और अपनत्व का ऐसा वातावरण बनाए जिसने यह सिद्ध कर दिया कि आज भी समाज में मानवता जीवित है और सेवाभावी लोग निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों के लिए आगे आ रहे हैं। सेवाभावी भामाशाह नीलम चंद सिपानी एवं नेमी देवी बोथरा धर्मपत्नी स्व. थानमल बोथरा, निवासी कोलकाता द्वारा अपना घर आश्रम नोखा में निवासरत लगभग 600 प्रभुजनों की सेवा एवं सुविधा हेतु अनेक आवश्यक सामग्री श्रद्धा, समर्पण और करुणा भाव से भेंट की गई। यह सेवा केवल सामग्री का दान नहीं था बल्कि उन असहाय, निराश्रित एवं जरूरतमंद प्रभुजनों के प्रति प्रेम, संवेदनाओं और अपनत्व की सच्ची अभिव्यक्ति थी जिनकी सेवा को अपना घर आश्रम परिवार ईश्वर सेवा मानकर निरंतर समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। इस अवसर पर आश्रम परिवार ने सेवाभावी भामाशाह परिवार का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे पुण्य कार्य समाज को नई प्रेरणा देते हैं और मानवता के प्रति विश्वास को और अधिक मजबूत बनाते हैं। सेवा का यह भाव न केवल जरूरतमंदों के जीवन में सुख और सुविधा लाता है बल्कि समाज में करुणा, सहानुभूति और सहयोग की भावना को भी प्रबल करता है। अपना घर आश्रम नोखा के अध्यक्ष निर्मल गोलछा ने सेवाभावी परिवार का अभिनंदन करते हुए कहा कि जब समाज के लोग निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की सेवा के लिए आगे आते हैं, तब मानवता का वास्तविक स्वरूप दिखाई देता है। ऐसे सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और आने वाली पीढ़ियों को भी सेवा एवं सहयोग का संदेश देते हैं। वहीं आश्रम सचिव सतीश झंवर ने भी सेवाभावी परिवार का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। जरूरतमंद प्रभुजनों की सेवा में दिया गया प्रत्येक सहयोग ईश्वर की सच्ची पूजा के समान है। आश्रम परिसर में उपस्थित सभी जनों ने इस सेवा समर्पण कार्यक्रम की मुक्त कंठ से सराहना की।

वातावरण में सेवा, करुणा और मानवता की ऐसी मधुर अनुभूति देखने को मिली जिसने सभी के मन को भावुक कर दिया। वास्तव में यह सेवा समर्पण कार्यक्रम केवल सहयोग का कार्य नहीं बल्कि मानवता के प्रति सच्ची श्रद्धा, दया और करुणा का जीवंत उदाहरण बन गया।नर सेवा ही नारायण सेवा है इसी पावन भावना को चरितार्थ करते हुए अपना घर आश्रम नोखा निरंतर मानवता की सेवा में समर्पित है।

### भामाशाह परिवार द्वारा आश्रम को भेंट

इडली मशीन, दूध फेट मशीन, ट्रैक्टर ट्रॉली, 20 लीटर के 2 कुकर,5 एडजस्ट फैन मानवता की सेवा हेतु समर्पित किए गए।

## मिर्जामल पीतर महाराज का दो दिवसीय धार्मिक आयोजन सम्पन्न

ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर में श्रद्धा एवं भक्ति के प्रतीक मिर्जा मल पीतर महाराज का दो दिवसीय धार्मिक आयोजन श्रद्धा, उल्लास और भक्तिमय वातावरण के बीच धूमधाम से सम्पन्न हुआ। आयोजन में देश-विदेश से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पीतर महाराज के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की तथा परिवार की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। आयोजन समिति से जुड़े संजय कुमार बैद ने बताया कि शुक्रवार रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें तुलसीराम पांडे एंड पार्टी द्वारा एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। मधुर भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे



नजर आए तथा पूरा परिसर भक्तिमय माहौल से गूंज उठा। शनिवार प्रातः ज्योत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान सहित देश के विभिन्न शहरों एवं विदेशों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने पीतर महाराज के दरबार में माथा टेककर अपने परिवार की खुशहाली, सुख-समृद्धि एवं कष्टों से मुक्ति की प्रार्थना की। कई भक्तों ने पीतर महाराज से जुड़े अपने अनुभव साझा करते हुए अनेक चमत्कारों का उल्लेख किया तथा बताया कि महाराज की कृपा से उनके जीवन के अनेक संकट दूर हुए हैं। दोपहर में विशाल प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें राजलदेसर सहित कोलकाता, मुंबई, असम, सूरत, हैदराबाद एवं दिल्ली सहित विभिन्न स्थानों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर राजकुमार विनायक, कमल डागा, मदन बैद, पवन बैद, खेमचंद बरड़िया, रीना बैद, आरती बैद, विमला सेठिया, अमराव, वीना बच्छावत, आरती, प्रकाश बैद, धनराज बैद सहित अनेक गणमान्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# रिहायशी इलाकों में चल रहा था अवैध गैस रिफिलिंग का खेल
## पुलिस-रसद विभाग की संयुक्त कार्रवाई में चार लोग दबोचे

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के रिहायशी इलाकों में घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रूप से गैस निकालकर छोटे सिलेंडरों में भरने और कालाबाजारी करने वाले नेटवर्क पर जयपुर दक्षिण जिला पुलिस और रसद विभाग ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। संयुक्त अभियान के तहत शिवदासपुरा, नारायण विहार, शिप्रापथ और मुहाना थाना क्षेत्रों में दबिश देकर चार आरोपियों को डिटेन किया गया। कार्रवाई के दौरान 42 गैस सिलेंडर, रिफिलिंग उपकरण और इलेक्ट्रॉनिक कांटे जब्त किए गए। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि रिहायशी इलाकों में अवैध गैस रिफिलिंग के कारण संभावित हादसों को रोकने और गैस की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शनिवार को पुलिस और रसद विभाग की संयुक्त टीमों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में संदिग्ध



ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।

### दुर्गापुरा में किराए के मकान से चल रहा था गैस रिफिलिंग का धंधा

शिप्रापथ थाना पुलिस ने महारानी फार्म स्थित जादौन नगर में किराए के मकान पर दबिश देकर आरोपी हरिमोहन शर्मा को पकड़ा। आरोपी घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध और असुरक्षित तरीके से गैस रिफिलिंग करता मिला। मौके पर एलपीजी कंट्रोल ऑर्डर 2000 का उल्लंघन पाए जाने पर पुलिस ने सिलेंडर और उपकरण जब्त कर सामग्री को सुषमा गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में दे दिया।

### नारायण विहार में भी मिला अवैध गैस कारोबार

नारायण विहार थाना क्षेत्र में भी पुलिस और रसद विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए आठ गैस सिलेंडर, एक इलेक्ट्रॉनिक वजन कांटा, एक रिफिलिंग मोटर, रिफिलिंग पिन और कैप्चर जब्त किया। इस मामले में रसद विभाग अलग से एफआईआर दर्ज करवा रहा है।

### शिवदासपुरा और मुहाना में भी छापेमारी

अभियान के तहत शिवदासपुरा और मुहाना थाना पुलिस ने भी मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर अवैध री-बॉटलिंग का खुलासा किया। दोनों थाना क्षेत्रों से शेष गैस सिलेंडर और रिफिलिंग उपकरण जब्त कर आरोपियों को डिटेन किया गया। पुलिस के अनुसार कार्रवाई में कुल 42 घरेलू एवं व्यावसायिक गैस सिलेंडर, सात रिफिलिंग पिन, रिफिलिंग मोटरें और इलेक्ट्रॉनिक वजन कांटे बरामद किए गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घनी आबादी वाले इलाकों में बिना सुरक्षा मानकों के गैस रिफिलिंग करना बेहद खतरनाक था और इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। अब पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि उन्हें इतनी बड़ी संख्या में घरेलू सिलेंडर उपलब्ध कराने वाले डीलर और ब्लैक मार्केटियर कौन हैं ताकि पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके।

# थार की धरती पर पनप रही नई वैज्ञानिक चेतना

### नन्हें वैज्ञानिकों के सपनों को उड़ान दे रही कैंब्रिज कान्वेंट स्कूल की अटल टिंकरिंग लैब



निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अटल टिंकरिंग लैब अब देशभर में बच्चों के भीतर वैज्ञानिक सोच और नवाचार की नई चेतना पैदा कर रही है। नीति आयोग की अटल नवाचार मिशन योजना के तहत शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य स्कूली बच्चों को कम उम्र से ही विज्ञान, तकनीक, रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और नवाचार से जोड़ना है ताकि बच्चे केवल किताबों तक सीमित न रहकर प्रयोगों और मॉडल के माध्यम से सीख सकें। देशभर में वर्तमान में 10 हजार से अधिक अटल टिंकरिंग लैब संचालित हो रही हैं, जहां लाखों विद्यार्थी आधुनिक तकनीक से जुड़कर भविष्य की नई संभावनाओं को समझ रहे हैं। इन लैब्स में बच्चों को रोबोटिक्स, ड्रोन तकनीक, कोडिंग, सेंसर तकनीक, थ्री-डी प्रिंटिंग, इंटरनेट ऑफथिंग्स और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता है।

थार का द्वार कहे जाने वाले सरदारशहर में स्थित कैम्ब्रिज कान्वेंट स्कूल की अटल टिंकरिंग लैब भी इसी बदलाव की मजबूत तस्वीर पेश कर रही है। साल 2020 में शुरू हुई इस लैब ने पारंपरिक पढ़ाई के तरीके को बदल दिया है। यहां बच्चे केवल किताबें पढ़ने तक सीमित नहीं हैं बल्कि खुद करके सीखो की संस्कृति के साथ विज्ञान को व्यवहारिक रूप में समझ रहे हैं। कक्षा 6 से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए सप्ताह में दो विशेष कक्षाएं संचालित की जाती हैं, जहां वे विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित आधारित गतिविधियों में भाग लेते हैं। लैब में बच्चे रोबोट मॉडल, स्मार्ट मशीनें, ड्रोन और स्वचालित उपकरण तैयार कर रहे हैं। कई विद्यार्थी ड्रोन उड़ाना सीख रहे हैं तो कुछ कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। यहां बच्चों को केवल मशीन चलाना नहीं सिखाया जाता बल्कि समस्या का समाधान ढूंढना, टीमवर्क करना और नए विचारों पर प्रयोग करना भी सिखाया जाता है। प्रोजेक्ट तैयार करने से लेकर उसकी रिकॉर्डिंग और प्रस्तुति तक पूरा कार्य विद्यार्थी स्वयं करते हैं, जिससे उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित हो रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190